तापमान
अधिकतम 36.6 डिग्री
न्यूनतम 15.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 10 मार्च 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद |पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

12 राष्ट्रीय स्तरीय युवा उत्सव में दुर्ग विवि सामूहिक लोकनृत्य में रहा द्वितीय




12 मनरेगा श्रमिकों ने मनाया रोजगार दिवस अधिनियम की दी जानकारी



## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे लोग



**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में सड़क किनारे चल रहे ई रिक्शा सवार बाल बाल बच गए। मिली जानकारी के मुताबिक ग्रीन चौक दुर्ग में ट्रक सीजी 04 जेई 623 में ओवरलोड बोरी में सामान लदा हुआ था। ट्रक नो अंट्री में प्रवेश कर ई रिक्शा के ऊपर गिर गई। उसमें बैठे लोग को आसपास के लोगों ने दौड़कर बचाया। हादसे में ई रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। भारी वाहन चालक नो एंट्री मार्ग में प्रवेश कर रहें है उन्हें रोकने वाली ट्रैफिक पुलिस भी दिकाई नहीं दे रही है। हादसे के कारण सड़क बुरी तरह जाम हो गया था। घंटे भर से अधिक समय तक दोनो ओर से वाहन चालक फंसे रहे। ट्रक को व्यवस्थित करने के बाद ही वाहनों का आवागाम सुचारु हो पाया है।

### युवक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि कैंप 1 निवासी ईशू सिंह 21 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ईशु अपने पिता और बहन के साथ रहता था उसकी मां की पहले ही मौत हो चुकी है। युवक शुक्रवार 7 मार्च को अपने घर पर कमरे में था। दोपहर 12.30 बजे घरवालों ने उसके कमरे में झांककर देखा तो वो फंदे पर लटका मिला। बहन के शोर मचाने के बाद आसपास के लोगों की भीड़ इकठ्ठी हो गई थी। उसे तुंरत उतारकर अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### चलते ट्रक में लगी आग

**भिलाई।** चलते ट्रक में अचानक आग लगने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी दमकल कर्मियों को मिलने पर तुंरत घटनास्थल पहुंच कर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक आग ट्रक में कैसे लगा जानकारी नहीं मिल पाई है। ट्रक में आग पहले चक्के में लगी थी। समय रहते आग नहीं बुझता तो बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर एक दमकल पानी का उपयोग किया गया।

### दुकान से 39 हजार का सामान और नकदी पार

**भिलाई।** बंद दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 305, 331 (4) के तहत अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि बिहारी मोहल्ला केम्प 2 निवासी भूपेन्द्र सिंह का सर्कुलर मार्केट केम्प 2 भिलाई में खुशी ट्रेडर्स पान मसाला विक्रय का होससेल दुकान है। शुक्रवार की रात अज्ञात ने दुकान का शटर तोड़कर सामान पार कर लिया। दुकान के भीतर घुसकर चेक करने पर सारा सामना फैला हुआ था। गल्ले का लाक भी टूटा था सामान चेक करने पर नगदी 7 हजार गायब मिला। दुकान से 32 हजार रुपए का सामान चोरी होना आंका गया है। जबकि भूपेन्द्र सिंह के मुताबिक ट्रेडर्स के दुकान से करीब 2 लाख के ऊपर का सामान चोरी हुआ है। दुकान में लगे सीसी कैमरे में तीन लोग चोरी करते दिखाई दे रहे है। पुलिस उसी को आधार मानकर खोजबीन में जुटी हुई है। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। दुकान से मिले फुटैज में दिखाए देने वाले युवकों के फोटो को शिनाख्त कर प्रयास कर रही है।

# आरटीई की शिकायतों पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, मांगा निपटान का ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

अलग खबर

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार के विभिन्न प्रावधानों का लागू नहीं करने के मामले को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। इस मामले में दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के प्रथम खंडपीठ द्वारा स्कूली शिक्षा सचिव को शपथ पत्र पेश करने के निर्देश दिए हैं। 25 मार्च 2025 तक यह शपथ पत्र पेश करने कहा गया है। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद सचिव ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर जानकारी मंगवाई है।

## हाईकोर्ट ने स्कूली शिक्षा सचिव को शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश

### हाईकोर्ट ने पूछा कि कितने शिकायतों का निराकरण

हाईकोर्ट ने स्कूली शिक्षा सचिव को निर्देश दिए गए हैं जिसमें उन्होने सारिणीबद्ध तरीके से प्रस्तुत करने को कहा गया है। जिला शिक्षा अधिकारियों को शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश में अनियमितता किस तरह बरतने की शिकायतें मिली। कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है। कितनी शिकायतों का निपटारा किया गया है। सचिव के पत्र के बाद जिला शिक्षा अधिकारियों के हाथ पांव फूलने लगे हैं।



आरटीई फर्जीवाड़ाः 150 से ज्यादा मामलों पर जांच कमेटी ने औपचारिकता निभाई

गरीब बच्चों का हक इसी तरह मारा जा रहा

इन मामलों की जांच पर कार्रवाई है शून्य

फर्जी अंत्योदय राशनकार्ड से दाखिला

एक आवेदक के दो-दो राशनकार्ड

आरटीई पोर्टल हैक करने वालों पर एफआईआर नहीं

किरायानामा का खेल करने वालों पर मेहरबानी

जिन बच्चों को तीन स्कूल आवंटित, दूसरी लाटरी में प्रवेश

### इस तरह की शिकायतें

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार के तहत ज्यादातर शिकायतें दर्ज संख्या के अनुरूप निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित नहीं करने और दाखिला नहीं देने की है। प्रवेशित बच्चों के एक किलोमीटर दायरे का नियम को लेकर भी निजी स्कूलों की प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। दुर्बल वर्ग सर्टिफिकेट के नियम को दरकिनार कर अधिकारियों द्वारा प्रवेश करवाने की भी शिकायतें की गई है। अंत्योदय राशनकार्ड को लेकर भी शिकायतें जिला शिक्षा अधिकारी से की गई है।

### स्कूल शिक्षा सचिव ने जिला शिक्षा अधिकारियों से मांगा पुलिंदा

हाईकोर्ट के निर्देश के बाद स्कूली शिक्षा सचिव ने दुर्ग, बिलासपुर सहित अन्य जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजा है। पत्र में हाईकोर्ट के दायर जनहित याचिका का हवाला देिया गया है। याचिका दुर्ग जिले से आरटीई कार्यकर्ता सीवी भगवंत राव के वकील देवर्शी ठाकुर के द्वारा लगाई गई है। याचिका के अधिवक्ता देवर्शी ठाकुर ने बताया कि आरटीई प्रवेश के दौरान कई अनियमिताएं हो रही है। इस संबंध में जनहित याचिका दायर की गई है। शिकायतों का निपटारा संबंधित अधिकारियों ने नहीं किया है।

## पेयजल समस्या : किराए के इन टैंकरों पर खर्च करेंगे 20 लाख रुपए

# रिसाली निगम में 11 टैंकर, इस गर्मी 20 टैंकर किराए से लेंगे

देवीलाल साहू ▸▸| भिलाई

हरिभूमि सरोकार

रिसाली निगम पेयजल मामले में अब तक आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है। नतीजा हर साल पेयजल के लिए लाखों रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। इस गर्मी में रिसाली निगम लोगों को पेयजल पहुंचाने के लिए 20 टैंकर किराए से लेगा। इसके लिए 20 लाख रुपए का टेंडर जारी किया है। प्रति टैंकर एक लाख रुपए भुगतान करेंगे। अमृत जल मिशन योजना भी रिसाली निगम के 40 वार्डों में चली है लेकिन इस योजना में इतनी मनमानी की गई है कि कई इलाके में अब भी पेयजल पहुंच नहीं पाता।



### अतिरिक्त पानी पहुंचाने के लिए पांच प्वाइंट बनाए

रिसाली निगम ने इस गर्मी में पेयजल पहुंचाने के लिए पांच प्वाइंट बनाए हैं। यहां अतिरिक्त पानी देने की जरूरत पड़ेगी। ये स्टेशन मरोदा क्षेत्र, नेवई खदान पारा और नेवई थाने के बाजू बस्ती हैं। यहां हजारों लोगों तक पानी पहुंचाने की जरूरत है। इसके अलावा प्रगतिनगर, रूआबांधा सहित अन्य क्षेत्रों में भी पेयजल की समस्या गर्मी में रहेगी।

### इन दो वजह से लाखों रुपए खर्च करने पड़ रहे

#### स्वयं का 33 एमएलडी फिल्टर प्लांट नहीं

रिसाली निगम अब भी पेयजल के मामले में भिलाई निगम पर निर्भर रह रहा है। बटवारे में मोरिद जलाशय से वाटर ट्रीटमेंट कर पानी पहुंचाया जाता है लेकिन यह केवल डुंडेरा व पुरैना व जोरातराई वार्ड के लोगों को मिलता है। शेष 37 वार्डों के लिए भिलाई निगम के 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट से पेयजल लेते हैं। इस पेयजल का करोड़ों रुपए रिसाली निगम द्वारा भिलाई निगम को देना है। यानी उधारी से लोगों को पानी पिलाया जा रहा है। पिछली सरकार और अब नई सरकार को यहां 33 एमएलडी फिल्टर प्लांट निर्माण के लिए 110 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाया गया है लेकिन बजट में यह पास नहीं हुआ।

#### अमृत जल मिशन में भर्राशाही

अमृत जल मिशन योजना के अंतर्गत तीन पानी टंकी का निर्माण करवाया गया। एक रूआबांधा, दूसरा टंकी मरोदा और तीसरा नेवई क्षेत्र में निर्माण करवाया गया है। इन पानी टंकियों से पानी वार्डवासियों को पहुंचाया जाता है लेकिन इस योजना की पाइप लाइन मापदंडों के अनुरूप नहीं बिछाई गई। जिसकी वजह से पाइन लाइन नीची हो गई है और टेल एरिया ज्यादा हो गए हैं। अब भी हजारों लोगों को पानी नहीं मिल पाता। पाइप लाइन का कार्य भिलाई निगम ने करवाया है। ऐसे इलाके के लोगों को पूरे महीने पेयजल के लिए जूझना पड़ता है। निगम स्वयं के टैंकरों से पानी पहुंचाने का काम कर रहा है।

### महापौर निधि से अब तक टैंकर खरीदी नहीं, पार्षदों ने रोष

रिसाली निगम की महापौर शशि सिन्हा ने पिछले साल वित्तीय बजट में स्वयं अपनी निधि से टैंकर खरीदी करने का प्रावधान किया। उसके बाद भी अब तक टैंकर की खरीदी नहीं की है। वैसे भी महापौर शशि सिन्हा द्वारा निधि बटवारे को लेकर भेदभाव करने का आरोप भी लगते रहे हैं। इसलिए अब तक टैंकर नहीं खरीद पाने से चर्चा का विषय है।

### पानी खपत का मीटर इस्तेमाल नहीं

अमृत जल मिशन योजना के तहत पानी की बर्बादी रोकने के लिए लोगों के घरों में मीटर लगाए गए लेकिन इसका इस्तेमाल नहीं हुआ। नतीजा लोगों के घरों में नल का पानी निर्धारित समय तक बहता रहता है। इसे रोकने के लिए रिसाली निगम द्वारा कोई ठोस उपाय नहीं किए गए हैं। पेयजल का टैक्स जरूर लिया जा रहा है लेकिन खपत के हिसाब से पैसा नहीं तय हो पाया। जिसकी वजह से लोग पानी की बचत नहीं कर पा रहे है।

### बिलो रेट को टेंडर


गर्मी में पेयजल की समस्या कई क्षेत्रों में आती है। इसे देखते हुए हमने टेंडर जारी किया है। 20 टैंकर की हमारी डिमांड है।

-मोनिका वर्मा,
निगम आयुक्त रिसाली

## शराब के नशे में थे बीएसएफ के जवान

# बीएसएफ के जवानों ने युवती से की छेड़खानी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



- दोनों जवान का हेडक्वार्ट कांकेर है

शराब के नशे में दो बीएसएफ के जवान युवती के साथ छेड़खानी करते धरे गए। इसके अलावा दोनों जवानों द्वारा अपने चार पहिया वाहन में जबरन बैठाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। घटना सुपेला स्थित भेलवा तालाब के पास की है। सुपेला पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम सुपेला में युवती के साथ नीली बत्ती लगी चार पहिया वाहन सवार दो युवकों द्वारा छेड़खानी और उसे जबरन वाहन में बिठाकर ले जाने का प्रयास किया जा रहा था। जिसे देख युवक सुखसोनी ने अपने मित्र को बुलाया और कुछ देर बाद ट्रैफिक के आरक्षक भी मौके पर पहुंच गए। एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा के निर्देश पर दोनों आरोपियों को ट्रैफिक टॉवर सुपेला ले जाया गया। बीएसएफ जवानों की पहचान राहुल राठौर और ढाल सिंह के रुप में हुई। दोनों आरक्षक है।उनका वाहन चालक साथी मौके से फरार हो गया। दोनों का हेड क्वाटर कांकेर होना बताया गया है। सुपेला पुलिस के मुताबिक जिस गाड़ी में बीएसएफ जवान नीली बत्ती लगी वाहन में घूम रहे थे। जांच के दौरान वाहन के अंदर देशी और विदेशी शराब की बोतल कोल्ड ड्रिंग्स भी मिला है। दोनों जवान नशे में धुत थे और बताया जा रहा है कुछ और युवतियों को भी रोक कर पूछताछ कर रहे थे। नीली बत्ती लगी वाहन में दोनों थे इसलिए किसी ने शिकायत नहीं की।

### बाइक सवार की ठोकर से महिला की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार बाइक ने घर के बाहर खड़ी महिला को ठोकर मार दी। हादसे में महिला की उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम बिरझापुर निवासी श्यामलाल साहू किसान है। 8 मार्च को अपने घर के सामने में खडा था रात को भाभी फगुनी बाई साहू घर से निकलकर बाहर सड़क किनारे अपने नाती यशवंत साहू को घर आने आवाज दे रही थी। इस दौरान बाइक चालक वाहन को तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चालते हुए महिला को जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में फगुनी को उपचार के लिए तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। बाइक चालक को पकड़कर पूछताछ करने पर अपना नाम ग्राम रक्शा निवासी बसंत चतुर्वेदी बताया है।

## बोरिया गेट पर हुई चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

बोरिया गेट मार्ग में बाधा पहुंचाने वाले भारी वाहन चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई किया है। एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि सडक हादसों के कारणों मे से एक नो पार्किग में खडे वाहन है।

जिसके कारण भी हादसा होता आया है। इसे लेकर अभियान चलाकर सहायक उप निरीक्षक विनोद सिंह और ट्रैफिक पेट्रोलिंग के द्वारा सिविक सेन्टर ट्रैफिक जोन क्षेत्र को इसे लेकर शिकायत मिली थी। बीएसपी प्लांट के बोरिया गेट के सडक पर भारी वाहन चालको द्वारा मार्ग पर वाहन खडा करने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा था। पेट्रोलिंग तत्काल बोरिया गेट पहुचकर नो पार्किग में खडी 22 भारी वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई किया। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा मार्केट क्षेत्र में नो पार्किग में खडी वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। दो माह के अंतर्गत 1981 वाहन चालको पर कार्रवाई की गई है।

# चिटफंड कंपनी का फरार डायरेक्टर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



चिटफंड कंपनी के फरार डॉयरेक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 420, 406, 409, 120बी, 34 चिटफंड अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि वर्ष 2010 में शुष्क इंडिया लिमिटेड कंपनी का आफिस स्टेशन रोड दुर्ग में आरके.हाईटस बिल्डिंग में खुला था। कंपनी के सीएमडी कैलाश सिंह लोधी, नरेन्द्र सिंह लोधी, फत्ते सिंह लोधी, ललीत पाल, मोहन कुमार, साकार देवेन्द्र चौहान, अनिल सिंह लोधी थे। कंपनी लोगों ने प्रलोभन दिया कि रकम निवेश करने पर 6 वर्ष में दोगुना और 8 वर्ष मे तीनगुना और 11 वर्ष में चार गुना रकम लाभ होगा। कंपनी में बोनस बीमा,जमीन का भी झांसा दिया था। लालच में आकर लोगों ने करोडों रूपया का निवेश कंपनी में किया। कंपनी ने समय पूरा होने के बाद भी लोगों को रकम लाभ के साथ नहीं दिया। कंपनी प्रबंधन ने लोगों से अमानत मे खयानत कर आफिस में ताला जड़कर दिसंबर 2016 से फरार हो गए। जिसकी शिकायत संतोष कुमार सोनी ने मोहन नगर पुलिस से किया। विवेचना के दौरान आरोपीगण दिनेश सैनी, अमित जैन, ललित पाल, मोहन कुमार मुन्ना, पुरानिक देवांगन, कैलाश सिंह लोधी, कन्हैया लाल ओझा, अनिल सिंह लोधी को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया जा चुका है। प्रकरण में 5 आरोपी फरार थे। जिनकी गिरफ्तारी की तलाश में पुलिस जुटी रही। पतासाजी के प्रयास किये जा रहे थे।

### एसीसीयू की टेक्निकल टीम को मिली सफलता

एएसपी ने बताया कि एसीसीयू की टेक्निकल टीम ने शुष्क इंडिया प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के फरार डायरेक्टर भानपुर, विदिशा रोड थाना छोला जिला भोपाल म.प्र. मूल निवासी प्रजापत नगर हवा बंगला फूटी कोटी थाना हवा महल बंगला जिला इंदौर एमपी निवासी सुनील तिवारी को लेकर खोजबीन करना शुरु किया। पुलिस को जानकारी मिली कि एमपी के भोपाल में आरोपी है। टीम को तुरंत भोपाल रवाना किया गया। पुलिस ने सुनील तिवारी घेराबंदी कर पकड़ा गया। कार्रवाई में में एंटीक्राईम, सायबर यूनिट और मोहन नगर प्रभारी शिव प्रसाद चंद्रा की टीम का योगदान रहा है।

## तालपुरी सी ब्लॉक के खिलाफ रुआबांधा बस्ती के लोगों ने दिया धरना

# बेदखली के विरोध में सामने आए पीड़ित नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई






तालपुरी सी ब्लॉक के विरोध में रुआबांधा बस्ती के निवासियों ने प्रस्तावित आवासीय भूमि पर व्यवस्थापन की मांग को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। धरने में शामिल कुछ महिलाएं अपनी गोद में बच्चों को लिए हुए थीं। उनका कहना था कि जब तक हमारा उचित व्यवस्थापन नहीं हो जाता, तब तक हम जगह खाली नहीं करेंगे। कुछ महिलाएं बहुत ज्यादा आक्रोशित थीं। उनका साफ कहना था कि उन्हें घरों से बेदखल किया जाएगा तो वे बुलडोजर के नीचे आकर अपनी जान दे देंगी। हाउसिंग बोर्ड ने प्रस्तावित सी ब्लॉक की जद में आई जमीन की मार्किंग भी कर ली है।

बोर्ड की ओर से अब तक 57 लोगों को जगह खाली करने का नोटिस मिल चुका है। धरने में शामिल लोगों के अनुसार नोटिस देने आए अधिकारियों ने जगह खाली करने के लिए होली तक की मोहलत दी है। अधिकारियों ने कहा कि जो मकान दिए जा रहे हैं, उन्हें रख लो नहीं तो वे भी बाद में नहीं मिलेंगे। फिलहाल हाउसिंग बोर्ड के वन बीएचके मकान देने का प्रस्ताव वे अस्वीकार कर रहे हैं। उनकी मांग है कि उन्हें कम से कम टू बीएचके मकान चाहिए, वन बीएचके मकान में उनका गुजारा नहीं होगा। बड़ी बात यह है कि बस्तीवासियों को 1998 में ही मकान का पट्टा मिल चुका है, और जिन्हें नहीं मिला है वे नगर निगम को समेकित कर के रूप में विधिवत भुगतान कर रहे हैं। हाउसिंग बोर्ड के खिलाफ जमकर हुई नारेबाजी के बीच प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे अब हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। उनका गुस्सा इस बात पर भी फूटा कि अब तक कोई भी जनप्रतिनिधि बस्तीवासियों का दुख दर्द सुनने नहीं आया। उन्हें इस बात का भी डर सता रहा है कि कहीं वे कमाने घर से निकलें तो पीछे से उनकी झोपड़ियां ढहा न दी जाएं। धरने पर बैठे लोगों के मुताबिक हाउसिंग बोर्ड ने 2008 को जमीन खरीदी थी। उसी समय वह बता देता तो हम घर नहीं बनाते। इतने सालों बाद हम कहां घर बनाएंगे। रोजीरोटी का इंतजाम तो कर लेंगे, लेकिन फिर से घर बनाना आसान नहीं। विरोध प्रदर्शन में पार्षद सारिका साहू, ममता यादव, टीकम साहू, पूर्व पार्षद राजेंद्र रजक, पूर्व एल्डरमैन प्रेमचंद साहू सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### कर्मियों को सुरक्षा सप्ताह में दिए टिप्स



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में सुरक्षा जागरुकता सप्ताह संपन्न हुआ। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार द्वारा एके चक्रवर्ती, सीजीएम तापस दासगुप्ता, महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल और सीजीम एस के घोषाल आदि की उपस्थिति में सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन किया गया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# महिला दिवस पर जगह-जगह आयोजन, महतारियों का किया गया सम्मान

दुर्ग। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर में विभिन्न निजी संस्थान और सरकारी विभागों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलेभर में विविध कार्यक्रम का आयोजन कर महतारियों का सम्मान किया गया।

### ब्राह्मण समाज का नारी सम्मान समारोह



अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रान्तीय अखण्ड ब्राह्मण समाज दुर्ग के नारी प्रकोष्ठ ईकाई द्वारा नारा शक्ति उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भारती किरण शर्मा प्रदेशाध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य व आशा शुक्ला प्रदेश उपाध्यक्ष नारी प्रकोष्ठ की अध्यक्षता में , विशिष्ट अतिथि,निशा तिवारी प्रदेश अध्यक्ष नारी प्रकोष्ठ, प्रीति शुक्ला कोषाध्यक्ष, शजिन्ता शुक्ला सांस्कृतिक सचिव, सुमन पाण्डेय, आरती दीवान, मंजूरी दुबे,द्वारा भगवान परशुराम जी के तस्वीर पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आशा शुक्ला द्वारा स्वागत भाषण व अध्यक्षीय उद्बोधन से कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। नारी शक्ति पर सभी अतिथियों ने अपने विचार रखें। तत्पश्चात समाज, शिक्षा, पर्यावरण,व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नारीशक्तियों का सम्मान किया गया। जिसमें, भारती किरण शर्मा, निशा तिवारी, डॉ निशा शुक्ला, डॉ श्वेता चौबे, डॉ दीक्षा चौबे,मीना पाण्डेय, डॉ आरती दीवान, डॉ प्रभा शर्मा, डॉ कोमल पाठक,गौरी शुक्ला,सुनिता मूर्ति का मोमेंट,साल श्रीफल, प्रमाण पत्र,देकर सम्मान किया गया।

### प्रथम महिला महाविद्यालय में आयोजन



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग में महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आभारानी गुप्ता जी उपाध्यक्ष, दयानंद शिक्षा समिति उपस्थित रहीं।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ मृदुला वर्मा जी ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य ,उपप्राचार्य डॉ नीतू सिंह,डॉ निशा श्रीवास्तव, डॉ आस्था सिजारिया, डॉ प्रितिका ताम्रकार, डॉ हितेश्वरी रावते सभी ने अपने विचारों को सांझा किया। आभारानी गुप्ता ने कहा कि 1978 में स्थापित घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय, दुर्ग का प्रथम महिला महाविद्यालय है जो महिला सशक्तिकरण का एक उदाहरण है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस क्यों मनाया जाता है, इसकी जानकारी छात्राओं को दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की तृतीय वर्ग की महिला कर्मचारीयों का विशेष सम्मान किया गया।कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी निशा साहू ने किया। इस अवसर पर महिला शिक्षकों द्वारा पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए पानी रखने के लिए जलपात्र की व्यवस्था की गई।

### महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रहीं- सरोज पांडेय




भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दुर्ग जिला के शैलदेवी महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में सम्मिलित होकर उपस्थित नारीशक्ति से संवाद किया। इस अवसर पर समस्त नारी शक्ति को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा आज महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है, राजनीति हो, विज्ञान हो, खेल हो या फिर कला और व्यापार हर जगह महिलाएं आगे बढ़कर सफल कार्य कर रही हैं, आज आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल हर क्षेत्र महिलाओं की उपलब्धियों से भरा हुआ है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी महिला सशक्तिकरण पर लगातार ज़ोर देते आ रहे उन्होंने महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण सुनिश्चित किया है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है जिससे आज भारत में महिलाओं का राजनीतिक,आर्थिक,सामाजिक सशक्तिकरण के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों से बहन-बेटियों का शैक्षणिक सशक्तिकरण भी हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### कालेज में मनाया गया महिला दिवस

दुर्ग। सेठ रतनचंद सुराना विधि महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता नवीन तिवारी जिला न्यायाधीश एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एफटीएससी दुर्ग ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व को समझाया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुजाता अय्यर ने महिलाओं की सुरक्षा के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम एवं जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीण चंद्र तिवारी ने समाज में महिलाओं के योगदान के संबंध में जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश अगवाल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के अधिकारों, दायित्वों की जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के श्रीमती सीमा शर्मा, सुश्री भाग्यश्री नातू, ए कुरैशी, श्रीमती निधि मिश्रा, श्रीमती भावना वर्मा, श्रीमती युमिनिका वर्मा,डॉ उमाकान्ती सिंह, श्रीमती सपना वैष्णव, उपस्थित थी। संचालन संतोष देवांगन द्वारा किया गया।

### प्रशिक्षण 18 को

दुर्ग। कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा अ द्वारा सीएसएस एमआईडीएच योजनांतर्गत सुगंधित, औषधीय और मसाला फसलों पर 18 मार्च को एक दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने हेतु इच्छुक किसान 17 मार्च तक पजीयन या कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा अ दुर्ग से सम्पर्क कर सकते हैं।

### 23 फुटकर और 16 थोक दुकानें बनाई गई, वर्ष 2016 में किया गया निर्माण

# लोकार्पण का बोर्ड लगाकर भूले, डेढ़ करोड़ का मछली बाजार बना खंडहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। बगैर प्लानिंग के 9 साल पहले बनाया गया मछली बाजार खंडहर में तब्दील हो रहा है। पांच बिल्डिंग इलाके में बनाए गए इस मछली बाजार के लिए डेढ करोड रूपए फूंका गया था। लेकिन वर्तमान में यहां सिर्फ मवेशियों की टहलती तस्वीर दिख रही है। मछली विभाग और नगरनिगम के खोखले प्रयास के चलते यहां सात साल बीतने के बाद भी मछली बाजार का कार्य शुरू नही हो पाया हैं। करोड़ों रुपए फूकने के बाद भी या भवन जर्जर स्थिति है और इसके उपयोग के लिए अब तक ठोस प्लानिंग नहीं बनने के चलते अधिकारी और नेताओं की इच्छा शक्ति भी खत्म हो गई है।

शहर के पांच बिल्डिंग इलाका व फारेस्ट विभाग के पीछे वर्ष 2016 में हाईजिनिक थोक मछली बाजार करीब 52 लाख 13 हजार की लागत से बनाया गया था। इसी तरह हाईजिनिक खुदरा मछली बाजार 39 लाख 42 हजार में तैयार किया गया था। यही नहीं मछली के व्यापारियों की सहुलियत के लिए यहां बर्फ संयंत्र सह शीतगृह का निर्माण 65 लाख की लागत से तैयार किया गया है। दुर्ग में बनाया गया यह बडा प्रोजेक्ट संभाग के किसी जिले में नही है। इसके बाद भी जिला प्रशासन यहां मछली बाजार का उपयोग नही कर पाई है। मौके की पडताल में पाया गया कि, वर्तमान में यहां सिर्फ मवेशियों का डेरा है। मछली व्यापारियों की सहुलियत को ध्यान में रखते हुए न सिर्फ यहां शीतगृह बल्कि थोक दुकान भी बनाए गए। लेकिन इसके बाद भी मछली विभाग दुकानों का आवंटन नही कर पाई है।

**जिला प्रशासन की इच्छा शक्ति की कमी से पानी में बह गए करोड़ रुपए**



### इंदिरा मार्केट में लग रहा मछली बाजार

डेढ़ करोड़ से अधिक की राशि खर्च करने के बाद भी मछली बाजार का कारोबार शहर के बीच में लग रहा है। इन दिनों इंदिरा मार्केट में मछली और मटन मार्केट लगने से बदबू इस कदर दूर तक फैलती है, कि यहां से लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया है। इसके आलावा शहर के रिहायसी इलाका पद्नाभपुर रोड, धमधा नाका, नयापारा, सिकोलाबस्ती, तितुरडीह, गंच चौक सहित शहर के कई इलाको में थोक मछली व्यापारी दुकानदारी कर रहे हैं। जैसे इलाको में मछली की दुकाने लग रही

### निगम और मछली विभाग का नहीं चला जोर

मछली बाजार तैयार होने के बाद मछली विभाग द्वारा लगातार विभिन्न इलाको में पसरा लगाने वाले लोगों को आबंटित करने का प्रयास किया गया। इसके लिए विभाग द्वारा नगरनिगम को शहर के बाजार में दुकान लगाने वाले लोगों के लिए पट्टे का नवीनीकरण नहीं करने की भी मांग की थी। दुर्ग निगम द्वारा भी इसके लिए मछली पसरा व्यसाईयों को नोटिस जारी किया गया। लेकिन अंत में भी बात नही बनी और जिला प्रशासन भी इस विषय को गंभीरता से नही लिया गया।

### लोकार्पण का बोर्ड नेताओं को कर रहा बदनाम

हाईजेनिक फिश मार्केट का लोकार्पण वर्ष बीस दिसंबर 2016 में किया गया था। लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उस दौरान केद्रिय राज्य मंत्री सुदर्शन भगत थे। अध्यक्षता कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, अति विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय, सांसद ताम्रध्वज साहू, संसदीय सचिव तोखन साहू, महिला समाज कल्याण मंत्री रमशीला साहू, विधायक अरूण वोरा और जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन आदि ने लोकार्पण किया। लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान नही दिया और न ही वर्तमान में जनप्रतिनिधियों ने इस पर पहल की है। लोकार्पण का बोर्ड आज भी भवन में लगाए गए हैं। इसे देख नेताओं की भी खुद बदनामी हो रही है।

### किराए में चल रहे दर्जनभर सरकारी दफ्तर

जिला प्रशासन के ऐसे दर्जन भर सरकारी दफ्तर हैं जो किराए पर चल रहे हैं जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हो रहा है। लेकिन इसके बाद भी इस बिल्डिंग का उपयोग नहीं किया जा रहा है। बहरहाल एक बिल्डिंग को यहां क्रेडा विभाग को दिया गया है। इस क्षेत्र में लावारिश मवेशियों ने अपना पनाह बना लिया है। बिल्डिंग का मेटेनेन्स नहीं होने के कारण बारिश में यहां पानी टपकता है। मछली कारोबार से जुडे व्यापारियों का तर्क है, कि इस बाजार में जाने के लिए जगह नहीं है। इसके आलावा आबंटन राशि भी अधिक है। वही जल कालोनी भी है। जिसके कारण पसरा वाले जाने को तैयार नही है।

**प्रयास चल रहा**

तत्कालीन कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर बिल्डिंग को उपयोग करने की प्लानिंग शुरू की गई थी। बिल्डिंग की उपयोगिता को लेकर प्रयास किया जा रहा है। - **अशोक कनेरिया,** उपसंचालक मत्स्य विभाग दुर्ग

## जमीन के कलेक्टर दर बढ़ाने की संभावना, मांगी गई जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वर्ष 2025 26 के लिए नए कलेक्टर गाइडलाइन को लेकर राज्य शासन द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश के सभी कलेक्टरों को जारी किए गए निर्देश के अनुसार ऐसे इलाकों की जानकारी मांगी गई है जहां अधिक रजिस्ट्री हो रही हो, ऐसे में माना जा रहा है कि जहां अधिक रजिस्ट्री हो रही है वहां राज्य शासन कलेक्टर दर बढ़ा सकती है। बहरहाल जिला प्रशासन द्वारा प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को भेजा जाएगा।

इस बार नए वित्तीय वर्ष अप्रैल से अचल संपत्ति जमीन के बाजार मूल्य बढ़ने की संभावना है। अचल संपत्ति के बाजार मूल्य निर्धारण के लिए नया गाइड बाजार मूल्य लाइन तैयार करने पंजीयन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। इस संबंध में पंजीयन महानिरीक्षक द्वारा जिला मूल्यांकन आदेश पहुंचा है। समिति के अध्यक्ष सभी कलेक्टरों को पत्र भेजा गया है और जिला मूल्यांकन समिति स्तर की समस्त कार्यवाही एवं केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को प्रस्ताव भेजने कहा गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अचल संपत्ति के बाजार मूल्य के लिए दरों का पुनरीक्षण किया जाना है। इसके निर्देश दिए गए हैं सभी जिलों के जिला पंजीयक एवं उपपंजीयक प्रचलित मूल्य रूझान के बारे में चर्चा कर लें ताकि समरूप सिद्धांतों के आधार पर पंजीयक बाजार मूल्य बन सके।

### इन इलाकों में बढ़ सकती है दर

दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा आईआईटी भिलाई इलाके में रजिस्ट्री अधिक दर्ज की जा रही है। इसके अलावा रायपुर बॉर्डर के पतन अमलेश्वर में अधिक रजिस्ट्री हो रही है। इन इलाकों में रजिस्ट्री दर बढ़ सकते हैं। जानकारी अनुसार संपत्ति के बाजार मूल्य के बारे में जानकारी पटवारियों द्वारा तहसीलदारों के माध्यम से दी जाएगी। अन्य जानकारियां जैसे निर्माण, लागत, शासकीय विक्रय, नीलामी विक्रय आदि की जानकारी समिति द्वारा संबंधित कार्यालयों से एकत्रित की जाएगी। इसी तरह दर निर्धारण के लिए विगत दो वर्ष में हुए अधिकतम मूल्य के संव्यवहार के दरों को विचारण में लिया जाए। वार्डों के अद्यतन परिसीमन आधार पर ही गाइड लाइन दर तैयार की जाएगी।

### भेजेंगे प्रस्ताव

नहीं कलेक्टर गाइडलाइन को लेकर जिला मूल्यांकन समिति तक जानकारी नहीं पहुंची है। समिति को एसडीएम द्वारा जानकारी दी जाएगी। **-प्रियंका श्रीरंगे**, जिला पंजीयन दुर्ग

## राष्ट्रीय स्तरीय युवा उत्सव में दुर्ग विवि सामूहिक लोकनृत्य में रहा द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ 148 विवि की टीमों के बीच रही द्वितीय स्थान पर

ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज एआईयू के तत्वाधान में एमिटि यूनिवर्सिटी, नोएडा (उ.प्र.) में 3 से 7 मार्च तक आयोजित 38 वां साउथ-ईस्ट राष्ट्रीय स्तरीय युवा उत्सव 2025 में सामूहिक लोकनृत्य जनजाति नृत्य स्पर्धा में हेमचंद यादव विष्वविद्यालय दुर्ग की टीम ने लगभग 148 विश्वविद्यालयों की टीमों के मध्य द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सहायक कुलसचिव दिग्विजय कुमार ने बताया कि समाचार प्राप्त होते ही कुलपति



सत्यनारायण राठौर, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। नेशनल युवा उत्सव में टीम के मैनेजर इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैषाली नगर, भिलाई की सहायक प्राध्यापक, डॉ. चांदनी मरकाम तथा साइंस कॉलेज के सहायक प्राध्यापक तरूण साहू थे। विजेता टीम के प्रतिभागियों में मोरध्वज, सारिका, क्षमा देवांगन, तारणी विश्वकर्मा, तुकेश्वर कुमार साहू, तोषण लाल, द्रविण कुमार, मीनेश कुमार यादव, रिम्पा नायक तथा चंचल ठाकुर शामिल थे।

## सड़क चौड़ीकरण में बाधक पेड़ों को किया जा रहा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने पूजा अर्चना कर सड़क चौड़ीकरण में बाधित पेड़ों को शिफ्टिंग भी शुरू करवा दी है। राजेंद्र पार्क से सिविल लाइन रोड और चर्च से चौपाटी रोड का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके लिए चर्च के सामने लगे पीपल और पार्क के सामने लगे दो कौहा के पेड़ को हटाया कर शिफ्ट किया गया। बता दें कि नदी रोड पर भी यातायात को व्यवस्थित करने सड़क किनारे लगे बरगद के पेड़ को हटावाकर इन पेड़ों को ठगड़ा बांध में शिफ्ट किया जा रहा है। इस दौरान सभापति श्याम शर्मा, पार्षद नीलेश अग्रवाल, श्रीमती हर्षिका संभव जैन आदि मौजूद रहें। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा पर्यावरण को देखते हुए वृक्षों को बचाना इस पर नगर निगम प्रशासन द्वारा उक्त पेड़ों को काटने के बजाए ठगड़ा बांध में शिफ्ट करने की योजना बनाई गई है। महापौर ने कहा पर्यावरण को बचाने नगर निगम प्रशासन द्वारा जनहित में राजेंद्र पार्क चौक, संविधान चौक चर्च रोड, नदी रोड में यातायात को व्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाने किए जा रहे सड़क चौड़ीकरण में बाधक 30-40 वर्ष पुराने बरगद, पीपल, अर्जुन आदि के पेड़ों को काटने के स्थान पर ठगड़ा बांध में शिफ्टिंग किया जा रहा है।

## मनरेगा श्रमिकों ने मनाया रोजगार दिवस, अधिनियम की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ एप के माध्यम किया गया भुगतान व मूल्यांकन प्रक्रिया

महात्मा गांधी नरेगा के तहत सभी ग्राम पंचायत में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायतों में मनरेगा के निर्माण कार्य की मांग, मजदूरों के आधार शिडिंग व कार्य से संबंधित शिकायत जानकारी, मजदूरों के हक बताने का एक माध्यम एवं मनरेगा स्थायी परिसम्पति निर्माण तथा कैसे गांव का विकास किया जा सकता है। इस पर जन-जागरूकता अभियान चला कर अधिनियम की जानकारी श्रमिकों को



दिया गया। ग्राम पंचायतों में गुड गवर्नेंस के लिए निर्धारित मानकों पर कार्यवाही करते हुए रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत गुड गवर्नेंस को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जा रहा है।

गौरतलब है कि रोजगार दिवस में महात्मा गांधी नरेगा के वृक्षारोपण कार्य, नाली निर्माण, डबरी निर्माण, तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, नवीन पंचायत भवन, आंगनबाड़ी, उचित मूल्य की दुकान, निर्माण इत्यादि कार्य निरंतर चल रहे है। वही मनरेगा के तहत ऑनलाईन में एनएमएमएस एप, ई-एमबी एप, मास्टर की एन्ट्री किया जा रहा है। आधार बेस्ट भुगतान व मूल्यांकन की एप के माध्यम से किया जा रहा हैं।

### कृषि विज्ञान केंद्र पाहंदा में दिया गया प्रशिक्षण

# युवाओं को दिया गया नर्सरी प्रबंधन पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ प्रशिक्षणार्थियों को दी गई विभिन्न जानकारियां

कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा दुर्ग 'अ' में 03 से 08 मार्च 2025 तक नर्सरी प्रबंधन पर ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान प्रदेश भर से आए युवाओं को नर्सरी प्रबंधन पर आगामी दिनों आने वाली संभावनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें इस क्षेत्र में पारंगत होने के भी तरकीब बताई गई।

इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में डॉ. एस.एस. टूटेजा, निदेशक विस्तार सेवायें, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा नर्सरी प्रबंधन का छत्तीसगढ़ में संभावनायें एवं महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा 'अ' दुर्ग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. विजय जैन ने नर्सरी हेतु स्थल चुनाव, अधोसंरचना स्थापना, शोभायमान एवं फूलों की नर्सरी प्रबंधन, कटिंग व बडिंग द्वारा पौध तैयार करना आदि में विस्तृत जानकारी प्रदान किये।




### उपकरणों के विषय में भी बताए गए

डॉ. विनय कुमार नायक नें नर्सरी में उपयोग होने वाले विभिन्न लघु उपकरणों के बारे में जानकारी दिये। डॉ. ईश्वरी साहू ने नर्सरी पौध में लगने वाले कीट एवं व्याधि के लक्षण एवं उनके निदान के बारे में विस्तृत जानकारी दिये। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 28 युवाओं ने भाग लिया एवं अंतिम दिवस प्रमाण पत्र वितरित किया गया। यह कार्यक्रम नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन मैनेजमेंट हैदराबाद द्वारा प्रायोजित था। डॉ. दीप्ति झा वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी निदेशालय विस्तार सेवाऐं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### बगीचा स्थापना पर की गई चर्चा

कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा 'अ' के विषय वस्तु विशेषज्ञ उद्यानिकी डॉ. कमल नारायण ने प्रशिक्षणार्थियों को गुटी द्वारा पौध तैयार करना, ग्राफिटिंग की विभिन्न तकनीक से फलदार नर्सरी पौध तैयार करना, नर्सरी से सिंचाई प्रबंधन, नर्सरी स्थापना हेतु मातृत्व बगीचा स्थापना, विभिन्न प्रकार के नर्सरी प्रबंधन आदि पर विस्तृत जानकारी दिये। डॉ. ललिता रामटेके ने नर्सरी में उर्वरक एवं खाद प्रबंधन तथा वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन पर विस्तृत जानकारी दिये।

### महिला दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

दुर्ग। आईएचएसडीपी कालोनी उरला में हंसराज नवयुवक मंडल दुर्ग द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर विश्व महिला दिवस मनाया गया। जिसमें सरस्वती भांडेकर, खुशबू बरैया, देवनारायण भारद्वाज, मीना सिंह, प्रीति पांडे, हेमलता वाहने,अमोल शेंडे, विनीत चौरे, नाज, जितेन्द्र वाघमारे, लीला भारद्वाज व कार्यक्रम संयोजक जयवर्धन का योगदान रहा। कार्यक्रम में गायत्री संस्थान से नरेश वर्मा, तेजस कुमार, हेमंत कुमार भी उपस्थित होकर महिलाओं को नैतिक शिक्षा संबंधित आवश्यक बातें बताई। आगामी समय में इस क्षेत्र में जागरूकतामयी कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया। जिसमें हंसराज नवयुवक मंडल के सदस्यों ने भी सहयोग करने का संकल्प लिया।

## श्याम मंदिर में बड़ी ग्यारस व फागुन महोत्सव आज से



दुर्ग। श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट कादंबरी नगर दुर्ग इस फाल्गुन में भी बाबा की बड़ी ग्यारस एवं फागुन महोत्सव के आयोजन की तैयारी धूमधाम से किया जा रहा है। सोमवार 10 मार्च को प्रातः 8 बजे निशान यात्रा और संध्या में भजन गंगा के साथ-साथ शुक्रवार 14 मार्च को बाबा के साथ फुल एवं इत्र की होली खेली जाएगी।

ट्रस्ट समिति के मैनेजिंग ट्रस्टी किशोरी लाल सिंघानिया एवं अध्यक्ष रामफल शर्मा ने बताया कि बड़ी ग्यारस सोमवार 10 मार्च को श्याम बाबा की निशान यात्रा सुबह 8 बजे दीपक नगर दुर्ग से शहीद चौक , रेलवे पुल होते हुए धमधा रोड से कादंबरी नगर स्थित श्याम मंदिर पहुंचेगी। इसी समय भिलाई के हाउसिंग बोर्ड कैलाश नगर के अलावा खुर्सीपार भिलाई और नेहरू नगर भिलाई से भी श्याम भक्त अलग-अलग निशान यात्रा लेकर श्याम मंदिर पहुंचेंगे। इसी दिन शाम को भजनों का कार्यक्रम का भी होगा। रात्रि में भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। शुक्रवार 14 मार्च को श्याम बाबा फाल्गुन महोत्सव की धूम रहेगी इस दिन सुबह 9 बजे दिल्ली से आए संगम शिवम गोस्वामी के फागुनी धमाल और फागुनी भजनों के साथ फूलों एवं इत्र की होली खेली जाएगी। होली के कार्यक्रम के साथ स्वल्पाहार एवं ठंडाई का भी आयोजन किया गया है।

## खबर संक्षेप



### जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी ने निकाली आभार रैली

**अंडा।** जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन के अध्यक्ष बनने की खुशी पर सभी नागरिक गण का आभार व्यक्त किया गया। इस आभार रैली में मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, बोरई सरपंच ओमेश्वर, राजू यादव, गिरेश साहू, शिव देवांगन, ओमकार देवांगन आदि उपस्थित थे।

### निकुम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**अंडा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रति वर्ष 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं के सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में कार्यरत सभी महिला स्वास्थ्य अधिकारी, कर्मचारियों का सम्मान किया गया।

### शशि बने उपसरपंच



**अंडा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम पंचायत विनायकपुर द्वारा महिलाओं के सम्मान स्वरूप महिला पंच शशि ठाकुर को निर्विरोध उप सरपंच चुनकर मिशाल कायम किया। सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार सहित पंचगण द्वारा समस्त महिलाओं को बधाई दी गई।

## निधन

### कमला देवी अग्रवाल

**भिलाई।** नया खुर्सीपार निवासी कमला देवी अग्रवाल का निधन 8 मार्च को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 9 मार्च को खुर्सीपार मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. सीताराम अग्रवाल की पत्नी थीं। वे अपने पीछे शशिकांत अग्रवाल, ज्योतिकांत अग्रवाल, रजनीकांत अग्रवाल, अंकुरकांत अग्रवाल सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है।



### सुरेश कुमार यादव

**दुर्ग।** बैगापारा दुर्ग निवासी व नगर निगम दुर्ग में कार्यरत सहायक राजस्व निरीक्षक सुरेश कुमार यादव उम्र 60 वर्ष का आकस्मिक निधन 8 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार दुर्ग हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया किया गया। वे स्व. जगदीश यादव के पुत्र एवं सजीवन यादव के छोटे भाई व दीपचंद यादव, गुलशन यादव के पिता थे।



## आलबरस, अकलोरडीह और पाटन में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

# महिलाओं के त्याग व समर्पण के बिना कोई भी समाज और राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

### नारी शक्ति ही राष्ट्र की शक्ति है: विधायक ललित



ग्राम आलबरस में ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर नारी शक्ति को नमन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की। कार्यक्रम के दौरान गांव के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही साथ नवनिर्वाचित सरपंच व पंच का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश की सभी महिलाओं को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ में महिलाएं सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से आत्मनिर्भर बने इसके लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

विधायक चंद्राकर ने आगे कहा कि महिलाओं के त्याग और समर्पण के बिना कोई भी समाज और राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि भारत में मातृशक्ति की पूजा की परंपरा सदियों पुरानी है और छत्तीसगढ़ सरकार इस परंपरा को और सशक्त कर रही है। कोई भी समाज तब तक संपूर्ण नहीं हो सकता जब तक समाज की महिलाएँ सशक्त न हों। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सम्मानित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और आने वाले समय में भी महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई नए कदम उठाए जाएंगे। महिला सशक्तिकरण की यह यात्रा सतत जारी रहेगी, क्योंकि नारी शक्ति ही राष्ट्र की शक्ति है। इस अवसर पर सरपंच भुवनलाल देशमुख, अंडा निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, दिल्लीवार कुर्मी समाज केंद्रीय अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद हरमुख, अधिवक्ता एवं समाजसेवीका नीता जैन, मिलाप देशमुख, सोसायटी अध्यक्ष प्रताप यादव, बूथ अध्यक्ष अशोक हरमुख, पूर्व सरपंच आशा देशमुख, नंदकुमार देशमुख, पुराणिक लाल, जितेन्द्र देशमुख, रोशन देशमुख सहित नवनिर्वाचित पंच व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### आलबरस में सरपंच ने किया 200 महिलाओं व बुजुर्गों का सम्मान

**निकुम।** ग्राम पंचायत आलबरस में पूर्व सैनिक भुवनलाल देशमुख सरपंच बनने के बाद गांव में बेहतर पहल कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गांव में समाज, शिक्षा, स्वास्थ्य, मितानिन, आगनबाड़ी, महिला पंचों व बुर्जुगों का सॉल, श्रीफल व गम्छा से सम्मानित किया गया। गौर हो इस गांव के 50 जवान देशसेवा फोर्स में सेवा दे रहे हैं। वही आयोजन में सरपंच भुवन लाल देशमुख ने महिलाओं को उद्बोधन करते हुए कहा कि जब महिलाएं आगे बढ़ती है, तो पूरा समाज आगे प्रगति करता है, महिलाओं को सम्मान करे, उनका मनोबल बढ़ाएं , शिक्षा दीक्षा पूर्ण मिले। इस अवसर पर थाना प्रभारी अंडा भानुप्रताप साव, पूर्व सरपंच आषा साहू सहित समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रहे महिलाओं को सम्मानित किया। इसमें पूर्व उपसरपंच रोशन देशमुख, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष आलबरस प्रताप यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंडा निकुम लिकेश्वर देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### अकलोरडीह में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**भिलाई।** शासकीय प्राथमिक शाला अकलोरडीह में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति की महिला सदस्यों का प्रधान पाठक डीआर सहारे द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### नारी एक शक्ति, एक प्रेरणा, एक उम्मीद है: डॉ. गुरवारा



**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में समाज कार्य एवं समाजशास्त्र विभाग के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा ने की। इस अवसर पर नारी को एक शक्ति, प्रेरणा एवं उम्मीद और विश्वास का प्रतीक बतलाते हुए प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सखी वन स्टॉप सेंटर दुर्ग से हिना खान एवं प्रियंका शर्मा आरक्षक ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए नारी सशक्तिकरण पर अपना विचार अभिव्यक्त किया एवं सखी वन स्टॉप सेंटर से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी साझा की, जिससे महिला सुरक्षागत संपूर्ण नियमावली एवं क्षेत्रों के संबंध में सभी अवगत हुए। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.एसके भारती ने विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती साझेदारी पर अपना विचार व्यक्त किया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा भी इस विषय पर अपने-अपने विचार साझा किए गए। कार्यक्रम का संचालन सहा. प्राध्यापक अभिषेक वर्मा एवं आभार प्रदर्शन सहा. प्राध्यापक समाज कार्य राहुल चौधरी ने किया।

## धमधा नपं में एसडीएम ने अध्यक्ष सहित पार्षदों को कराया शपथ ग्रहण



**धमधा।** नगर को सुचारू रूप से चलाने का दायित्व,भरोसेमंद की डोर में मजबूती लाने के लिए मुख्य पालिका अधिकारी ओपी ठाकुर के दिशानिर्देश पर 7 मार्च को दोपहर 2 बजे क्षेत्र के सांसद विजय बघेल, विधायक ईश्वर साहू, एवं अरुण की उपस्थिति में एसडीएम सोनल डेविड ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल सहित सभी पार्षदों को शपथ दिलाया।

इस बीच सांसद ने सभी विजयी नव निर्वाचित को बधाई देते हुए कहा कि अपने पद के गरिमा को 5 वर्ष तक बनाए रखेंगे। योजना को तत्काल जनसमुदाय तक पहुंचाने का सेवा देंगे जिससे भारतीय जनता पार्टी का मान सम्मान बढ़ेगा। हर क्षेत्र में मोदी की आवाज है। विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि उम्मीद से बढ़कर दुनिया में कोई चीज नहीं होता सभी को बधाई देते हुए कहा कि नगर की सेवा के लिए सेवक का पद मिला है जिसे हर एक नगरवासियों की समस्या का समाधान करना आवश्यक है। नव निर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि मेरी पार्टी बीजेपी के ऊपर मुझे पूर्ण विश्वास है कि हर समस्या के समाधान के लिए मेरा सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जागेश्वर साहू, प्रीतपाल बेलचंदन, अरुण अग्रवाल, शिव चंद्राकर, कांतिलाल बोथरा, प्रशांत अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र भट्ट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, देवकर नपं अध्यक्ष सुरेश सीहोरे, उज्जवल ताम्रकार, सुनील गुप्ता, राजेंद्र ताम्रकार, रोहित सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिक्षकों को प्राप्त उम्दा प्रशिक्षण से विद्यार्थी और स्कूल होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

आईआईटी गांधी, नगर गुजरात में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत पांच दिवसीय सीसीएल कार्यशाला का आयोजन 11 से 15 फरवरी 2025 तक किया गया। कार्यशाला में सभी राज्यों से रसायन शाखा के व्याख्याताओं को प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया था। जिसमें सेजस जामगांव आर की रसायन व्याख्याता टोपेश्वरी सिन्हा ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश से 13 व्याख्याताओं ने इस कार्यशाला में शामिल हुए। इस कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मनीष जैन व उनकी टीम ने विषय से संबंधित प्रशिक्षण रोचक अंदाज में दिया। संक्षारण, धातुओं की क्रियाशीलता, विद्युत अपघटनी व विद्युत रासायनिक सेल, डीएनए सेपरेशन, साबुनीकरण व अन्य प्रयोगों को माईक्रोस्केल में कैसे कर सकते हैं बताया गया। टोपेश्वरी सिन्हा ने कार्यशाला में शामिल होने का अवसर दिए जाने पर राज्य परियोजना समग्र शिक्षा प्रभारी राजकुमार चापेकर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने जिले दुर्ग में प्रायोगिक रासायनिक किट का निर्माण कर शिक्षण को रूचिकर बनाने का प्रयास करेंगे।

- छत्तीसगढ़ से 13 व्याख्याता कार्यशाला में हुए शामिल



### रसायन विज्ञान जीवन उपयोगी वस्तुओं से जुड़ी होती है

गुजरात की सीसीएल कार्यशाला से प्रशिक्षण प्राप्त कर जामगांव आर लौटी रसायन व्याख्याता टोपेश्वरी सिन्हा ने कहा कि प्रशिक्षण से अध्यापन में निखार आता है। नई-नई जानकारी के साथ अध्ययन अध्यापन के लिए दिशा मिलती है। शिक्षक को विषय जितनी गहरी नालेज होगी उतनी ही अच्छी अध्यापन करा पाएंगे जिसका सीधा-सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा और विद्यार्थी अपना भविष्य उज्ज्वल बनाते हुए विद्यालय का नाम रोशन करने में सफल होंगे। रसायन विषय जीवन उपयोगी वस्तुओं से जुड़ी हुई है फायदे और नुकसान की जानकारी होने से उपयोग करना बड़ा आसान हो जाता है।

## अंचल की खबरें

### कांग्रेस का सरपंच व भाजपा का बना उपसरपंच



**जामगांव आर।** क्षेत्र के जामगांव आर, बेलहारी, बटरेल आदि ग्राम पंचायतों में सरपंच कांग्रेस नेता और उपसरपंच भाजपा नेता चुने गए। सरपंच और उपसरपंच के चुनाव में बैठे गजब के इस कंबिनेशन से ग्राम पंचायत का विकास तय माना जा रहा है। इन पंचायतों में सरपंच बने कांग्रेस नेता विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अत्यंत करीबी माने जाते हैं और भूपेश शासन काल में इनका अच्छा खासा रुतबा माना जाता था। वहीं क्योंकि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार है और पंचायतों में उपसरपंच भाजपा नेता चुने गए तो डबल इंजन का लाभ और पूर्व मुख्यमंत्री विधायक भूपेश बघेल का लाभ ग्राम पंचायतों को निश्चित तौर पर केवल लाभ ही नहीं विकास भी होंगे। जामगांव आर में सरपंच चुनाव की ऐतिहासिक परिणाम मात्र 1 वोट से कांग्रेस जिला ग्रामीण महामंत्री रूपेंद्र शुक्ला अपने प्रतिद्वंदी जामगांव आर भाजपा मंडल पूर्व कोषाध्यक्ष नरेश केला को हराकर सरपंच पद पर आसीन हुए और शनिवार को जब उपसरपंच बनने की बारी आई तो जामगांव आर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मुकेश साहू उपसरपंच बनकर भाजपा की मुरझाई चेहरे पर मुस्कान लाने में कामयाब हुए। पंचायत के साथियों एवं भाजपाइयों ने मुकेश साहू को उपसरपंच बनने पर रंग गुलाल के साथ बधाई दिए। राजनीति के जानकार लोगों की आंकलन में मुकेश साहू के उपसरपंच बनने की उम्मीद थी जो परिणाम के साथ पुष्टि भी हो गई। लंबे वर्षो बाद जामगांव आर सामान्य सीट होने का लाभ रूपेंद्र शुक्ला को सरपंच पद पर सेवा करने का अच्छा अवसर मिला। जामगांव आर को पाटन विस विधायक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अत्यंत निकटतम सरपंच रूपेंद्र शुक्ला एवं भाजपा युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मुकेश साहू के उपसरपंच बनने से भाजपा शासन का लाभ मिलेगा। इस प्रकार जामगांव आर पंचायत के विकास में छत्तीसगढ़ शासन पक्ष एवं विपक्ष दोनों का लाभ मिलेगा।ग्रामपंचायत बेलहारी में भी सरपंच कांग्रेस नेता अमित अग्रवाल और दूसरी बार भाजपा नेता मनीष चंद्राकर उपसरपंच पद पर आसीन हुए। बटरेल में कांग्रेस नेता भेष आठे चुने गए और शनिवार को भाजपा नेता बसंत साहू उपसरपंच चुने गए। सरपंच और उपसरपंच चुने जाने की गजब कंबिनेशन चर्चा राजनीति गलियारों और आम लोगों के बीच काफी चर्चा में है।

### सरपंच, उपसरपंच व पंचों ने विधायक से लिया आशीर्वाद



**सेलूद।** ग्राम पंचायत चुनकट्टा से नवनिर्वाचित सरपंच, उप सरपंच एवं पंचगणों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने ने कहा कि जो जन प्रतिनिधि जनता के सुख-दुख में हमेशा खड़े रहते हैं जनता उनको हमेशा अपना आशीर्वाद देती है। चुनकट्टा पंचायत में पंच, सरपंच, उपसरपंच जितने वाले जन प्रतिनिधियों ने हमेशा जनता का ख्याल रखा है। इस दौरान रोशनी, सोनू राय उप सरपंच, अजय सिंह राजपूत, पंचगण रजनी ठाकुर, हेमा जोशी, सूरुज बाई बंजारे, माया जोशी, नीतू कोसले, रीना मानिकपुरी, आशा सिंह राजपूत, सोनू रॉय, भोजराम जोशी आदि शामिल थे।

### तिरगा में समर्पित पंच बने निर्विरोध उपसरपंच



**अंडा।** ग्राम पंचायत तिरगा का उपसरपंच सभी की सहमति से सुखितराम ढीमर को बनाया गया। पंचगण गोवर्धन ढीमर, जानकी देशमुख, शिवप्रसाद देशमुख, टिकेश्वर दिल्लीवार, डिलेश्वरी देशमुख, रेखा ठाकुर, खेमिन देशमुख, कंचन देशमुख,गीता देशमुख, अनिता बेलचंदन, हठियारिन ठाकुर, तेजराम यादव, चंदूलाल यादव, लता देशमुख, कविता ऋषि, जमुना निषाद, कुलेश्वरी देशमुख और सरपंच व पंचों ने अपने पद का निर्वहन सत्य निष्ठा के साथ बिना किसी भेदभाव के गांव को एकजुट लेकर चलाने ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने, शासन के दिशा निर्देशों का पालन कर अपने ग्राम पंचायत में शांति सद्भावना व भाईचारा के भावना लोगों में स्थापित हो। इस अवसर पर मुकेश बेलचंदन, भूपेंद्र बेलचंदन, देवीसिंह ठाकुर,दिलीप देशमुख, युवराज देशमुख, शंभू देशमुख, निर्भय बेलचंदन, लक्ष्मण ठाकुर और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### हमारे देश में महिलाओं का इतिहास बहुत ही दिव्य रहा है: पं. प्रमोद कृष्ण



**अंडा।** श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद मेला में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के स्वस्थ दिवस में वृंदावन से आए कथा व्यास प्रमोद कृष्ण दास ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर सभी श्रोताओं को आनंदमग्न कर दिया। क्योंकि महिला दिवस पर महाराज ने बताया कि सनातन धर्म में महिलाओं के लिए एक दिन नहीं अपितु पूरा वर्ष महिलाओं को ही समर्पित होता है। हमारे यहां स्त्रियों को देवी माना जाता है। सनातनी महिलाओं के त्याग और बलिदान को वर्ष में एक दिन जस्टिफाई कर ही नहीं सकता। हमारे देश में महिलाओं का इतिहास बहुत ही दिव्य रहा है। सनातन धर्म में माता-बहनों को कभी हीन भाव से देखा ही नहीं गया। अपितु हमारे यहां स्त्रियां राज का संभालती थी। बड़े-बड़े युद्ध में महिलाओं ने अपना परचम फहराया है। जहां एक तरफ माता अनसूईया का विवरण आता है जिन्होंने त्रिदेवों को शिशु बना दिया। वहीं दूसरी तरफ गार्गी जैसी स्त्रियों का भी वर्णन मिलता है जिन्होंने वेद वेदांतों के ज्ञान में बड़े-बड़े विद्वानों को पछाड़ दिया। रानी लक्ष्मीबाई, रानी अहिल्याबाई होल्कर जैसी महिलाओं ने अपना अपनी वीरता का परचम लहराया। वहीं मीराबाई कर्मा बाई आदि महिलाओं ने भक्ति के पथ पर चलकर भगवान को पा लिया।


## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक जेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।


# विधायक के प्रयास से रिसाली और रसमड़ा में बनेगा कॉलेज का भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- सर्व सुविधा युक्त कॉलेज खुल जाने से उस क्षेत्र के विद्यार्थियों को सीधा लाभ

उच्च शिक्षा में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए सुखद खबर है, विधायक दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की पहल पर दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में कॉलेज और स्कूल भवन बनाने साय सरकार ने अपनी बजट में राशि का प्रावधान कर छात्रहित में बड़ी सौगात दिए है। विष्णुदेव साय सरकार के दूसरे बजट में दुर्ग में शिक्षा के स्तर और बढ़ाने दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत रिसाली भिलाई में शासकीय महाविद्यालय का निर्माण कार्य ग्राम रसमड़ा में नवीन शासकीय आईटीआई भवन का निर्माण कार्य। ग्राम कोड़िया में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का बनाने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की मांग को वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने सहज स्वीकारते हुए दुर्ग ग्रामीण में जनहित के विकास कार्यों बजट में शामिल किये हैं।

साथ ही ग्राम रसमड़ा मिनी स्टेडियम इनडोर हाल का निर्माण कार्य, ग्राम अंडा मेन रोड में नवीन विश्रामगृह का निर्माण कार्य ग्राम अंजोरा बाईपास के पास नवीन विश्रामगृह का निर्माण कार्य की स्वीकृति बजट में प्रदान किया है। हमारे क्षेत्र में विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने से हमें उम्मीद है कि हमारे क्षेत्र के लोगों का जीवन सुधरेगा।

दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने बताया कि हमेशा से ही में अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने का प्रयास कर रहा हूं। हमारे प्रयासों से क्षेत्र में कई विकास कार्य हुए हैं, जिनमें सड़क निर्माण, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास शामिल है।

आगे श्री चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। विधानसभा क्षेत्र में दौरा कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने अपनी-अपनी समस्या से अवगत कराया था उसको हमने बजट में शामिल किया और हमे स्वीकृति भी मिल गया हैं जल्द ही कार्य प्रारंभ कराकर लोगों को सुविधा उपलब्ध कराना है। रिसाली और रसमड़ा में कॉलेज का भवन बन जाने से छात्र-छात्राओं को आधुनिक सुविधा उपलब्ध हो जाएगा। सर्व सुविधा युक्त कॉलेज खुल जाने से उस क्षेत्र के विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में समाज के सभी वर्ग को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार किया गया है। प्रदेश की जनता की प्रगति, खुशहाली और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का बजट है।

## खबर संक्षेप

### सहायक मैनेजर ने सिम के नाम पर किया धोखाधड़ी

**भिलाई।** सब्जी विक्रेता से जियो सेंटर चरोदा के सहायक मैनेजर द्वारा धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने मैनेजर के खिलाफ धारा 419, 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि बजरंग चौक ग्राम उमदा भिलाई तीन निवासी किशोर पटेल सब्जी विक्रेता है। स्वयं के नाम से आधार कार्ड देकर जियो कंपनी का सिम लिया था। सिम का उपयोग किशोर पटेल के पुत्र जतिन पटेल कर रहा है। मोबाईल सिम को जतिन चला रहा था, सिम गूमने पर तब किशोर पटेल ने चरोदा जियो सेंटर मे से नया सिम लिया। सेंटर के सहायक मैनेजर शिवम देशमुख ने पीड़ित को झांसे में लेकर उसी नंबर के लिए सारे दस्तावेज लेकर लाईव फोटो व बायोमैट्रिक दो बार किया। साइबर पुलिस दुर्ग में सिम की शिकायत की गई। पुलिस को पता चला कि किशोर पटेल के आधार कार्ड नाम से तीन सिम नंबर जारी हुआ है। तब किशोर ने पुलिस को बताया कि उनके नाम से दो सिम नंबर है। जिसमें से एक सिम नंबर वह स्वयं,दूसरा सिम नंबर उसके पुत्र जतिन पटेल के पास है। तीसरा सिम की कोई जानकारी उसे नहीं है। सिम खरीदते समय जियो सेंटर में काम करने वाले सहायक मैनेजर शिवम देशमुख ने प्रोसेस कम्पलीट नहीं होने का बहाना बताकर दोबारा लाइव फोटो और बायोमैट्रिक लिया। किशोर पटेल की जानकारी के बिना एक अन्य सिम नंबर फर्जी तरीके से जारी किया गया। इस तरह से सेंटर में धोखाधड़ी किया जा रहा है।

### बीएसपी में ब्लास्ट फर्नेस-8 का कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 ने 9,515 टन हॉट मेटल का उत्पादन कर अपना सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड स्थापित किया है। इससे पहले, 9 फरवरी 2024 को 9,406 टन हॉट मेटल उत्पादन का सर्वोत्तम आंकड़ा प्राप्त किया गया था। इसके साथ ही, ब्लास्ट फर्नेस शॉप ने भी चार फर्नेस के संचालन में अब तक का सर्वाधिक हॉट मेटल उत्पादन करते हुए 19,057 टन का नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले, 4 मार्च 2025 को 18,542 टन का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज किया गया।

# भारत को कबड्डी में गोल्ड दिलाने वाली संजू देवी और टीम के स्वागत की तैयारी

## खेल मंत्री मनसुख से टीम की मुलाकात के बाद सांसद विजय अपने साथ संजू को लेकर आएंगे रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तेहरान में आयोजित अंतराष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में अपने दमदार खेल प्रदर्शन से भारतीय टीम को गोल्ड मेडल दिलाने वाली छत्तीसगढ़ की खिलाड़ी संजू देवी अपनी टीम के साथ शीघ्र ही दिल्ली वापस लौट रही है। इस दमदार प्रतिभाशाली खिलाड़ी का देश पहुंचने पर दिल्ली से छत्तीसगढ़ तक भव्य स्वागत करने की तैयारी की जा रही है। सांसद विजय बघेल,गोल्ड मेडल जीतने वाली इस कबड्डी टीम को दिल्ली में रिसीव करने एयरपोर्ट पहुंचेंगे और टीम के सदस्यों की वही दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से भी 12 मार्च को मुलाकात करवाएंगे। इसके बाद सांसद विजय बघेल छत्तीसगढ़ की कबड्डी खिलाड़ी संजू देवी को अपने साथ लेकर उसी दिन दिल्ली से वायुयान से रायपुर लेकर आएंगे और यहां छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा खेल मंत्री टंकराम वर्मा से भी मुलाकात करवाएंगे। उल्लेखनीय है कि सांसद विजय बघेल भी राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने भी इस खेल में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीता है।

### रायपुर से निकाली जाएगी रैली

छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के द्वारा भी इस होनहार खिलाड़ी का यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत करने की तैयारी की जा रहे है। बताया जा रहा है कि एशियन गेम्स कबड्डी में भारत के लिए गोल्ड मेडल लेकर पहुंचने पर उनके स्वागत के लिए श्रीराम मंदिर वीआईपी रोड रायपुर से विशाल रैली निकाली जाएगी। यह रैली मुख्यमंत्री निवास तक आएगी। अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में भारत को कबड्डी में गोल्ड संजू देवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और सबसे विशेष बात है कि भारत को यह गोल्ड मेडल, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन ही मिला है। जिस दिन पूरा देश महिलाओं के सम्मान में नतमस्तक था और महिलाओं को सम्मानित करने जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे थे।



### फाइनल में पहुंचाने रही भूमिका

संजू देवी अभी बिलासपुर में राज्य कबड्डी केंद्र, बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। छठवीं सीनियर महिला एशिया कबड्डी चैंपियनशिप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में उनके खेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके स्वागत में निकलने वाली रैली में पूरे प्रदेश भर से खिलाड़ियों और उनके प्रशंसकों के पहुंचने की संभावना है। वह एक मात्र खिलाड़ी थी जिनको उस अंतरराष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधित्व करने का असर मिला। ऐसे में भारतीय टीम कोड गोल्ड मेडल मिलने से छत्तीसगढ़ का नाम भी रोशन हो रहा है।

## सुपर संडे: ट्विनसिटी के लोगों ने लिया भारत-न्यूजीलैंड क्रिकेट फाइनल का आनंद

# जीत के जश्न में डूबी ट्विनसिटी लहराया तिरंगा, जमकर आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुबई में रविवार को चैंपियन ट्राफी का फाइनल मैच भारत व न्यूजीलैंड के बीच खेला गया। सुबह से ही लोग मैच शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। दोपहर 2.30 बजे जैसे ही मैच प्रारंभ हुआ ट्विनसिटी की सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। लोग टीवी के सामने डटे रहे और रोमांचक मैच का लुत्फ उठाते रहे। कई जगहों पर सार्वजनिक रूप से बड़े परदे पर मैच देखने की व्यवस्था भी रही। जिसमें लोग एकत्र होकर मैच देखते रहे। इधर जैसे ही भारत ने मैच जीता वैसे की ट्विनसिटी में जश्न का दौर शुरू हो गया। देर रात तक लोग जश्न मनाते दिखे। तिरंगा लेकर लोग नाचते-कूदते रहे। मिठाईयां बांटी। जमकर आतिशबाजी हुई।

### मिठाई बांटकर दी एक दूसरे को बधाई



### जश्न में डूबे लोग

भारत ने न्यूजीलैंड को जैसे ही चार विकेट से हराया ट्विनसिटी के लोग सड़कों पर उतर आए। भारत का तिरंगा झंडा लहराते हुए लोग सड़कों पर आ पहुंचे। हर चौक चौराहों पर जश्न का माहौल नजर आया। लोगों ने अपने घरों में जमकर फटाखे फोड़े। आतिशबाजी 45 वे ओवर से ही शुरू हो गई। भारत जीत के करीब पहुंच चुकी थी। चैंपियन ट्राफी जीतने के बाद पूरा उत्सव का माहौल रहा। लोगों ने जीत के सफर को अपने मोबाइलों में कैद कर वाट्सएप में डालकर एक दूसरे को बधाई देने लगे। देर रात तक लोग सड़कों में झूमते और भारत को ट्राफी मिलने की खुशी मनाते दिखे। ऐसा लग रहा था मानो दिवाली का माहौल हो।

### विकेट गिरने से मायूस होते रहे फैन

टीवी पर लोग पूरे समय तक चिपके रहे। भारत की शुरूआती बल्लेबाजी अच्छी हुई लेकिन उसके बाद शुभमन गिल, विराट कोहली और रोहित शर्मा के विकेट गिरने से मायूसी सी छा गई। उसके बाद बल्लेबाजी और गेंदबाजी के संघर्ष को दिल थाम कर देखते मिले। केएल राहुल और हार्दिक पांड्या के धमाकेदार और सूझबूझ से खेली गई पारी से लोगों को सांस आई।



### ट्विनसिटी में भी चलता रहा सट्टा

भारत- न्यूजीलैंड के फाइनल मैच में सट्टा कारोबारियों का भी बोलबाल रहा। लोग जैसे जैसे विकेट और मैच में उतार=चढ़ाव आता रहा सट्टा जोर पकड़ता रहा। दोनों की टीम के मैच जीतने पर सट्टा जमकर चला। सूत्रों के मुताबिक सट्टा बाजार में भारत के भाव कम थे और न्यूजीलैंड का ज्यादा। यानी सट्टा लगाने वाले लोग भी भारत की जीत के प्रति आश्वस्त थे।

# एंसीलरी उद्योगों को जल्द मिलेगा दोगुना काम

## बीएसपी के ईडी ने किया आश्वस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल बीएसपी के ईडी वर्क्स राकेश कुमार से मिलकर ऐसीलरी उद्योगों की क्षमता अनुसार वर्कलोड बढ़ाने की मांग की है। बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता ने ईडी के सामने चार सूत्रीय पर मांग पत्र रखा। इसमें सीपीडी से संबंधित वर्कलोड बढ़ाने की मांग थी। ईडी वर्क्स ने तत्काल सीजीएम एमएंडयू को निर्देशित किया कि एंसीलरी उद्योगों को क्षमता अनुसार उनका वर्क लोड बढ़ाया जाए। उन्होंने प्रतिनिधी मंडल को आस्वस्त किया कि जल्द ही एंसीलरी उद्योगों को दोगुना काम मिलना शुरू हो जाएगा।

- क्षमता के अनुसार वर्क लोड बढ़ाने की मांग
- ईडी ने किया निर्देशित

प्रोपराइटरी आइटम को लेकर भी हर तीन माह में सीजीएम एमएंडयू के साथ एंसीलरी की बैठक किए जाने पर सहमति बनी। ईडी वर्क्स ने अधिकारियों को आदेशित किया कि हर तीन माह में बैठक कर जो प्रोपराइटरी आइटम है उसको रिवर्स इंजीनियरिंग करके पेड ट्रायल पर एंसीलरी उद्योगों को दें। आरक्षित आइटमों को बढ़ाने की मांग भी की। वर्तमान में एंसीलरी उद्योगों के लिए लगभग 300 आइटम रिजर्व हैं इसे और बढ़ाया जाए। मांग पर आश्वसान मिला।

राकेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि एंसीलरी उद्योग हमारे स्टेक होल्डर हैं इसलिए उद्योगों को बढ़ाना बीएसपी मैनेजमेंट का प्रमुख दायित्व है। आप लोग सही समय पर, सही क्वालिटी का प्रोडक्ट दें। एंसीलरी उद्योगों की जो भी समस्या है उसका निराकरण तत्काल करने का प्रयास किया जाएगा।

बैठक में प्रबंधन की ओर से सीजीएम एमएंडयू बी के बेहरा, जीएम इंचार्ज शॉप एच के सचदेवा, जीएम राजीव सोनटके तथा एंसीलरी एसोसिएशन की ओर से महासचिव श्याम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश चावड़ा, उपाध्यक्ष प्रीतपाल सिंह एवं शशि भूषण, सचिव अशोक जैन, रवि मिश्रा, वरिष्ठ सदस्य योगेश गुप्ता, हरीश मदलियार, डीआर रायचौधरी, ई एस राजीव उपस्थित थे।

# पार्षद ने किया महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महिला दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद जामुल वार्ड 16 पार्षद व पीआईसी सदस्य चुम्मन वर्मा ने शिवपुरी जामुल में अपनी धर्मपत्नी लीना चुम्मन वर्मा के साथ मिलकर मितानिन, स्वच्छता दीदियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं का सम्मान किया गया।

- जामुल की मितानिन, स्वच्छता दीदियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थी



पार्षद ने कहा कि मातृ शक्तियां घर की जिम्मेदारी को निभाने के साथ-साथ घर से बाहर निकलकर भी विभिन्न कार्यो को सफलता पूर्वक कर रही है। यह उनके मजबूत इच्छाशक्ति को दर्शाता है।कार्यक्रम में प्रीति वर्मा,उमेश्वरी वर्मा, कमलेश साहू,मालती देशमुख,पुष्पा नायक,जानकी साहू, पुष्पा वर्मा,रेखा साहू, निर्मला को सम्मानित किया।

## स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ ने किया महिलाओं का सम्मान



**भिलाई।** महिला दिवस पर स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ द्वारा महिला सफाई कामगार, महिला अधिकारी कर्मचारी तथा समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 60 महिलाओं का सम्मान किया गया। संघ कार्यालय आकाशगंगा सुपेला में स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ एवं निर्माण मजदूर संघ भारतीय मजदूर संघ द्वारा निगम में कार्यरत सफाई कामगार, महिला अधिकारी कर्मचारी तथा सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाली 60 महिलाओं का सम्मान कामिनी तिवारी, मिथलेश विश्वकर्मा, नीति लता विश्वकर्मा के द्वारा किया गया। जान्हवी पाण्डे व साथियों के द्वारा गीत संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में संघ के महामंत्री शरद दुबे,विष्णु चन्द्राकर, रामवृक्ष यादव, कृष्णा देशमुख, सुरेंद्र सोनबोईर, शशिभूषण मोहंती, रोहित बंजारे, वामन राव, महेश वर्मा,संतोष पाण्डेय,हेमचंद बंजारे, गिरधर वर्मा, नवीन साहू, देवेन्द्र चन्द्राकर, संजय गुप्ता, ढालेश्वर साहू, अमन चन्द्राकर, सुनीता पहुरकर, रीता यादव, चन्द्रकला आदि उपस्थित थे।

# मच्छरों ने छीना दिन का चैन और रात की नींद, सफाई अभियान की मांग

**भिलाई ।** गर्मी के मौसम की दस्तक के साथ ही मच्छरों ने पूरे टाउनशिप को अपनी चपेट में ले लिया है। घरों से बंगलों, दफ्तरों और बाजारों तक मच्छरों की समस्या इतनी आधिक बढ़ गई है कि लोगों का दिन का चैन और रात की नींद उड़ गई है। खाते, पीते सोते चट, चट करते बस मच्छर मारने की कोशिश कर रहे हैं। कर्मियों को रतजगा के साथ नाइट शिफ्ट करने में भी परेशानी हो रही है। इस बीच रहवासियों को टाउनशिप को मच्छरमुक्त करने के परिणामीकारी तात्कालिक उपायों का बेसब्री से इंतजार है। रहवासियों के साथ यूनियनों ने प्रबंधन से जल्द इस तकलीफदेह आफत से राहत दिलाने की मांग की है। बीएसपी के सेक्टरी एरिया में पिछले महीनेभर से मच्छरों की समस्या विकट हो गई है। इसके चलते रहवासियों को भारी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। घरों में बारीक और बड़े प्रजाति के मच्छर रात में तो रात में दिन में भी डंग मारने से बाज नहीं आ रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी शिफ्टो में प्लांट में ड्यूटी करने वाले बीएसपी कर्मियों को हो रही है। मच्छरों के काटने और कान के पास भिनभिनाने से वे ठीक से सो नहीं पा रहे हैं। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों पर तो तरफा मार पड़ रही है। परीक्षाएं चल रही हैं लेकिन बच्चे ठीक से तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। मच्छरों की समस्या इस कदर बढ़ गई है कि मस्केटो क्वायल, बत्ती, और मस्केटो रैकेट भी नाकाम साबित हो रहे हैं। पांच, दस मिनट बाद समस्या जस की तस हो जाती है। रहवासियों ने बताया कि टाउनशिप में चौतरफा गंदगी बढ़ने के बाद भी नियमित सफाई नहीं होने और फागिंग व दवाइयों का छिड़काव नहीं होने से मच्छरों की समस्या विकराल होती जा रही है। मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों की चिंता हरदम सताती रहती है। नगर सेवा विभाग के पीएचडी महकमे को अविलंब फाकिंग के साथ सघन सफाई अभियान जलाए जाने की जरुरत है। सेक्टर 6 की सुनीता शर्मा ने बताया कि बेकलेन से आने वाले मच्छर दिन रात काटते हैं।

- कर्मी कैसे करें ड्यूटी व बच्चे कहां करें परीक्षा की तैयारी

### बजबजाती गंदगी से बढ़े मच्छर

टाउनशिप में मच्छरों की समस्या बढ़ने की वजह मौसम में बदलाव के साथ पूरे सेक्टरी इलाके में कूड़े कचरे के ढेर, ओवरफ्लो होते डस्टवीन, आवारा मवेशी, बजबजाती बेकलेन, किचन गार्डन हैं और सफाई को लेकर लोगों का जागरुक नहीं होना है। भारत स्वच्छ अभियान के बाद लोग सफाई को भूलते जा रहे हैं। चिकित्सक डां. एचके ध्रुव बताते हैं कि मौसम के साथ नमीयुक्त गंदगी भी मच्छर बढ़ने का कारण है। यह मलेरिया जैसी बीमारी का कारक हैं। यूनियनों के मुताबिक मच्छरों की समस्या घरों में ही नहीं बल्कि सेक्टर नौ व दस तक साहबों के बंगलों से लेकर बाजारों और दफ्तरों व स्कूलों तक है। समस्या के निदान के लिए तत्काल दवाइयों के छिड़काव व जमीनी स्तर पर सफाई अभियान चलाने की जरुरत है।

## कांग्रेस नेताओं ने पीएम, रेल मंत्री और चेयमेन से की दो गेट की मांग

# पावरहाउस स्टेशन में एक ही गेट से होगी चौतरफा परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

करोड़ों की लागत से पावरहाउस रेलवे स्टेशन के किए जा रहे पुर्नविकास के मामले में यात्री हितों को लेकर रेलवे की मनमानी का मामला अब पीएमओ पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी सहित रेल मंत्री से पावरहाउस स्टेशन में एक मुख्य गेट के अलावा दो अन्य गेट का निर्माण करवाने सहित पीएम की मांडल स्टेशन योजना के मानकों के तहत पावरहाउस स्टेशन का पुर्नविकास कराने की मांग की गई है।

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार सहित कांग्रेस नेताओं ने पीएम और रेल मंत्री को भेजे पत्र में बताया है कि एसएनजी ग्रेड 4 का दर्जा प्राप्त पावरहाउस स्टेशन एक बड़ा स्टेशन है लेकिन रेलवे अधिकारियों के हठधर्मिता के कारण अभी आने जाने के लिए मात्र एक ही गेट का निर्माण किया जा रहा जिससे यात्रियों को परेशानी होगी।



### स्टेशन में लगे हैं पचास सीसी कैमरे

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि अमीरचंद अरोरा एवं भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के विषय समिति सदस्य ललन तिवारी तथा राजेंद्र ताम्रकार ने रेलवे अधिकारियों को जवाब देते हुए कहा है कि स्टेशन के सुरक्षा एवं संरक्षा एवं बिना टिकट यात्रियों और अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश एवं अपराधिक तथा गैर कानूनी गतिविधियों के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा जीआरपी और आरपीएफ तथा टीटीई औ 50 से भी ज्यादा सीसी कैमरे लगाए गए हैं। इसके बाद भी रेलवे का अधिकारियों को इन पर भरोसा क्यों नहीं है। पूरे भारत के स्टेशनों में यात्रियों के आने जाने के लिए एक से अधिक गेट का निर्माण क्यों किया गया है।

### भगदड़ का अंदेशा

शनिवार को पावरहाउस स्टेशन में मांडल स्टेशन की प्रगति का निरीक्षण करने पहुंच डीआरएम के सामने पावरहाउस स्टेशन में रेलवे अधिकारियों द्वारा एक ही गेट बनाने की हठधर्मिता पर विरोध जताते हुए दो गेट बनाने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने रेलवे अधिकारियों से यह भी पूछा है कि स्टेशन में आग लगने पर अग्निशमन गाड़ियां एक गेट से कैसे आएंगी और जाएगी। भगदड़ होने से भी यात्रियों का ज्यादा संख्या में हताहत होने का नौबत भी आ सकती है। यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा की दृष्टि से मेन गेट के अलावा दो गेट का निर्माण जरुरी है।

हमारे द्वारा दो अतिरिक्त गेट खोलने का अनुरोध करने पर रेलवे अधिकारियों द्वारा इस स्टेशन में बिना टिकट यात्रियों और अनाधिकृत प्रवेश को प्रोत्साहित करने तथा इससे आपराधिक एवं गैर कानूनी गतिविधियों की संभावना बढ़ने जैसे दलील दी जा रही है । कहा जा रहा है कि अतिरिक्त गेट होने के कारण सुरक्षा एवं संरक्षा की दृष्टि से असुरक्षित होगा । लेकिन एक ही गेट होने से आम यात्रियों के साथ वृद्ध, दिव्यांगों, बच्चों और महिला यात्रियों को आवाजाही में बहुत परेशानी होगी। श्री ताम्रकार ने पीएम,रेल मंत्री, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष औ जीएम को डीआरएम आफिस से प्राप्त एक ही गेट बनाने संबंधी पत्र की कापी को भी संलग्न किया है। ताकि पीएम को पता चले कि किस तरह रेलवे अधिकारियों द्वारा पावरहाउस स्टेशन में सुविधाओं को अनदेखा और यात्रियों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। पीएम से इस स्टेशन में मेन गेट के अलावा दो अन्य गेट का निर्माण कराया जाए।






हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 10 मार्च 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129




जरुरतमंद दिव्यांग कन्या के विवाह में सहयोग कर दिया आशीर्वाद

## लाइव इवेंट

## जहां नारी का सम्मान, वहां देवताओं का निवास, किया यज्ञ



**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रज्ञापीठ रामनगर मुक्तिधाम भिलाई और गायत्री साधना केन्द्र रिसाली बस्ती सहित अंचल के सभी गायत्री मंदिरों में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मान-समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में अपने-अपने क्षेत्र में रहकर शिक्षा, संस्कार,साहित्य वितरण, सामाजिक उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आगे बढ़कर कार्य करने वाली उन सभी सक्रीय महिला कार्यकर्ताओं का अक्षता, तिलक, रोली, मंत्र, चादर, वस्त्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए गायत्री प्रज्ञापीठ रामनगर मुक्तिधामके सहायक प्रबंधट्रस्टी मोहन उमरे ने कहा की नारी में अपरिमित शक्ति और क्षमताएं विद्यमान है। आज नारी अपने साहस के बल पर पुरे आत्म-विस्वास के साथ हर क्षेत्र में कामयाबी का परचम लहरा रही है। नई सदी में कामयाबी के उच्चतम शिखर को छूने की महिलाओं में अपार क्षमता है। आज समाज में नारी के स्तर को और ऊंचा उठाने के लिए महिला सशक्तिकरण की सबसे अधिक आवाश्यकता है। महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक शक्ति से सुदृढ़ बनाना। अब वक्त आ गया है कि हर महिला अपने ऊपर लगे तमाम रुढ़ियो से खुद को मुक्त करें। गायत्री साधना केन्द्र रिसाली के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामस्वरूप साहू ने कहा की जहाँ नारी का सम्मान होता है वहाँ देवता निवास करता है। महिलाओ को मात्र एक दिन सम्मान देने से परिवार व समाज की दिशा व दशा नहीं बदलेगी बल्कि हर दिन स्नेह व सम्मान देना होगा। इसके लिए हम सबको अपनी दृष्टिकोण को बदलना होगा।

■ गायत्री प्रज्ञापीठ व साधना केन्द्र में सक्रिय महिला कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

संस्थान में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस सम्मान समारोह आयोजित करने में कृष्णा साहू, नूतन वैष्णव, पृथ्वीपाल साहू, गिरधारी लाल साहू, टीकम चन्द्राकर, एकता चन्द्राकर, अनुसुइया, ललिता, चमेली सिन्हा, दिशा, राधिका, शकुन भान, शिवदयाल मधु साहू, बी. आर. श्रीवास, तुलेश्वरी साहू, श्याम विश्वकर्मा, दयालाल साहू, पुरषोत्तम जंघेल, राजकुमार ठाकुर सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## सिटी इवेंट

## श्याम बाबा की आज निकलेगी निशान यात्रा व 14 को फूलों की होली



**भिलाई।** श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट कादंबरी नगर दुर्ग में आज श्याम बाबा की बड़ी ग्यारस एवं फागुन महोत्सव के आयोजन का आयोजन किया जाएगा। सोमवार की सुबह 8 बजे से निशान यात्रा और शाम को में भजन गंगा के साथ ही 14 मार्च को बाबा के साथ फूल और इत्र की होली भी खेली जाएगी। ट्रस्ट समिति के मैनेजिंग ट्रस्टी किशोरी लाल सिंघानिया एवं अध्यक्ष रामफल शर्मा ने बताया कि बड़ी ग्यारस सोमवार को श्याम बाबा की निशान यात्रा सुबह 8 बजे दीपक नगर दुर्ग से शहीद चौक, रेलवे पुल होते हुए धमधा रोड से कादंबरी नगर स्थित श्याम मंदिर पहुंचेगी। इसी समय भिलाई के हाउसिंग बोर्ड कैलाश नगर के अलावा खुर्सीपार भिलाई और नेहरू नगर भिलाई से भी श्याम भक्त अलग-अलग निशान यात्रा लेकर श्याम मंदिर दुर्ग पहुंचेंगे। निशान यात्रा में शामिल भक्तों के लिए मंदिर में प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। इसी दिन शाम को भजनों के रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है जिसमें लुधियाना के प्रसिद्ध श्याम भजन गायक कुश कन्हैया और राजनांदगांव के हार्दिक व्यास अपनी मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के तुरंत बाद 14 मार्च को श्याम बाबा फाल्गुन महोत्सव की धूम रहेगी। शुक्रवार की सुबह 9 बजे दिल्ली से आए संगम शिवम गोस्वामी के फागुनी धमाल और फागुनी भजनों के साथ फूलों एवं इत्र की होली का आयोजन रखा गया है। दुर्ग के श्याम मंदिर के फूलों की होली का लोग इंतजार करते हैं और इसका स्वरूप साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है और इसमें शामिल होने दुर्ग भिलाई के अलावा आसपास के गांव के श्याम भक्त भी आने लगे हैं। आयोजन की तैयारी श्याम बाबा के भक्तों द्वारा की जा रही है।



### ● दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग में प्री-प्राइमरी विंग का 20वें वार्षिकोत्सव पर हुए विविध कार्यक्रम

# मदर द एपिटोम ऑफ लव थीम पर बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

# यशोदा व श्रीकृष्ण के वात्सल्य नृत्य को देख भाव-विभोर हुए दर्शक

**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग में प्री-प्राइमरी विंग का 20वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ सेलिब्रेट किया गया। इस अवसर पर एल.के.जी और नर्सरी के बच्चों ने कार्यक्रम की थीम 'मदर द एपिटोम ऑफ लव' पर आधारित परिवार और माता के वात्सल्य को दर्शाते हुए आकर्षक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। जिसे देखकर सभी दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों को प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टीनेट जनरल अशोक जिंदल कार्यकारी निर्देशक और सीईओ ऐम्स, रायपुर उपस्थित थे विशिष्ट अतिथि एच.एस. बत्रा मेनेंजिंग कमेटी सदस्य प्रबंध समिति डीपीएस दुर्ग, प्राचार्य यशपाल शर्मा डीपीएस दुर्ग, समन्वयक शिक्षिकाएं, अभिभावक, शिक्षक और विद्यार्थी शामिल रहे।

**भिलाई।** कार्यक्रम का शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण व दीप प्रज्वलन के साथ की गई। प्राचार्य यशपाल शर्मा ने मुख्य अतिथि का परिचय देते हुए विद्यालय के वार्षिक गतिविधियों का ब्यौरा दिया। मुख्य अतिथि ने सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थियों के शैक्षणिक उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें पुरस्कृत किया।







### बच्चों एवं शिक्षिकों के कार्यों की हुई सराहना

मुख्य अतिथि ने सबको संबोधित करते हुए विशेष रूप से बच्चों एवं शिक्षिकों की सराहना की। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए डी.पी.एस दुर्ग को बधाई दी साथ ही बच्चों के तनाव को कम करने उन्हें उनकी रुचि के अनुसार बढ़ने की बात कही। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर नियमित व्यायाम, खान-पान, खेलने पर बल दिया, और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त सादिया फारूकी ने किया। कार्यक्रम का संचालन निवेदिता चक्रवर्ती, छवि वर्मा, अक्षिता दुबे, अदयंत जैन, तनशवी अग्रवाल, देविका सिंह, अनाए दानी, अद्विक कुमार, अवनीत कौर, नवीशा भंडारी, स्पृहा देशमुख ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए छात्राओं को पुरस्कृत

एलकेजी के छात्रों ने अगले क्रम में सभी माताएं किसी भी परिस्थिति में अपने बच्चों के लिए बिना किसी शर्त के प्यार और समर्थन प्रदान करती है को दिखाते हुए एक शानदार नृत्य ...टिनी पैर की उंगलियों हैप्पी फीट का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर सभी दर्शक और माताएं भावविभोर हो उठी। एल.के.जी के सुपर हीरोज द्वारा एक कुर्सी नृत्य किया गया। बी 'लिटिल फ्रेंड्स- बिग स्टेप्स' जिसने सभा में उपस्थित सभी पालकों को अपने पैरों पर टैप करने और अपनी माताओं को गर्व महसूस कराया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए वरिष्ठ विंग के छात्रों को पुरस्कार दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की परिणति द म्यूजिकल झांकी 'जननी' ममता और हिम्मत का अटूट संगम का यू.के.जी के छात्र-छात्राओं द्वारा एक मनमोहक प्रदर्शन हुआ, जिसने दर्शकों को उनकी माताओं की मीठी यादों के साथ भावनात्मक रूप से और अधिक जोड़ दिया।




### द मदर अर्थ की थीम पर बच्चों ने दी प्रस्तुति



कार्यक्रम का विषय 'मदर द एपिटोम ऑफ लव' पर आधारित था जिसे नर्सरी के छोटे बच्चों ने पालक इस विषय के अंतर्गत प्रस्तुति देकर माता और पुत्र के रिश्ते यशोदा और भगवान श्री कृष्ण के वात्सल्य को प्रदर्शित किया। नर्सरी के छोटे बच्चों द्वारा फर्स्ट स्टेप फिएस्टा डांस किया। इसी के साथ ही द मदर अर्थ के द्वारा पृथ्वी ग्रह के लिए अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एल. के.जी के छात्रों ने एक आकर्षक प्रस्तुती दी। नृत्य के माध्यम से मदर अर्थ अनन्त पोषणकर्ता और सभी की पालनहार को दर्शाते हुए शिक्षित करते हुए बताया कि सभी को धरती का आभारी होना चाहिए क्योंकि यह जीवन की मूल अनिवार्यता प्रदान करता है।




# फिजियो थेरेपी महिलाओं को स्वस्थ रखने का बेहतर जरिया: डॉ. नेहा

**भिलाई।** फिजियो थेरेपिस्ट डॉ नेहा बत्रा कहना हैं कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक संकल्प लें कि अपने स्वास्थ को प्राथमिकता देंगी। महिला दिवस पर आयोजित व्याख्यान में डॉ नेहा बत्रा ने कहा कि हर साल अंतराष्ट्रीय महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि महिलाएं समाज की रीढ़ है। आज की महिलाएं परिवार और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका तो निभाती ही हैं साथ ही अपने करियर के बारे भी सोचती हैं। अक्सर देखा गया है परिवार व समाज की जिम्मेदारी के बीच महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति काफी लापरवाह रहती हैं जो कि उनके लिए काफी समस्याएं पैदा करती हैं। जैसे जोडों में तनाव, कमर दर्द, गर्दन दर्द, मोटापा और मानसिक पीड़ा जैसी समस्याएं इन दिनों आम होती जा रही हैं।

### फिजियो थेरेपी महिलाओं को स्वास्थ्य रखने का बेहतर जरिया

डॉ नेहा बत्रा का कहना है फिजियो थेरेपी महिलाओं को स्वास्थ्य रखने का एक बेहतर जरिया है। फिजियोथैरेपी महिलाओं की सेहत को बेहतर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है।



फिजियोथेरेपी और एक्सरसाइज महिलाओं के स्वास्थ्य को सुधारने का एक प्रभावी की सेहत को तरीका है। फिजियोथेरेपी न केवल दर्द और कमजोरी को दूर करती है, बल्कि महिलाओं को हर उम्र में ऊर्जावान बनाए रखने में मदद करती हैं।

### स्वस्थ्य को महत्व दें महिलाएं

डॉ नेहा बत्रा का कहना है कि महिलाएं अपने परिवार और को प्राथमिकता देती है जो कि सही भी है। वह अपने स्वास्थ्य को उतना ही महत्व दे तो और बेहतर होगा। यदि महिलाएं खुद का ख्याल नहीं रखेंगी, तो उनका परिवार, करियर और समाज भी प्रभावित होगा। इसलिए खुद की सेहत को प्राथमिकता दें। एक महिला का स्वास्थ्य केवल उसकी व्यक्तिगत भलाई तक सीमित नहीं रहता बल्कि पूरे परिवार और समाज प्रभाव डालता है। डॉ नेहा बत्रा ने कहा कि महिलाएं संतुलित आहार लें, सही मात्रा में पानी पिए और नियमित व्यायाम करें। साथ ही खुद को मानसिक रूप से मजबूत बनाएं।

# भिलाई सिंधी समाज का फाल्गुन महोत्सव 13 को, नवयुगल जोड़े करेंगे होलिका दहन

**भिलाई।** भिलाई सिंधी समाज के सिंधू भवन में 13 मार्च को फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया है। सांस्कृतिक विकास, मानव सेवा को समर्पित संस्था सिंधी ब्रादर मंडल, सेक्टर 4 की कार्यकारणी की बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि गुरुवार को सिंधू भवन में होलिका दहन फाल्गुन महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



इस बार होलिका दहन समाज के नवयुगल जोड़ों द्वारा की जायेगी। कमेटी की तरफ से सदस्यों को सिंधी समाज की पारंपरिक मिठाई गीहर उपहार स्वरूप वितरित की जाएगी। पांच वर्ष से बड़े बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस और डांस की प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान सदस्यों का मनपसंद गेम हाउजी भी होगी। साथ ही साथ सभी विजेताओं को पुरुस्कृत भी किया गया है। कार्यक्रम समापन के बाद पारंपरिक भोजन का आनंद लोग उठा सकेंगे। सिंधी समाज के इस आयोजन के लिए संजय होतवानी व राजकुमार खटवानी, सुरेश नागदेव, कार्यक्रम प्रभारी नरेश माखीजानी, हरीश आर्य, गुलशन माधवानी, प्रमुख सेवादार राकेश नागदेव, नरेश माखीजानी, मनोहर मलकानी, हरीश आर्य, गुलशन माधवानी, राजकुमार खटवानी, उद्धव दास दावड़ा, ठाकुर साथवानी, संतोष मेहरचंदानी, रमेश लालवानी, संजय होतवानी, सुरेश नागदेव, दिलीप खटवानी, जी आर भाटिया , राजेंद्र मूलचंदानी सहित सभी सदस्य तैयारी में जुटे हुए है।

### शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग से पढ़ाई पूरी कर दी प्रतियोगी परीक्षाएं

# नर्सिंग की पढ़ाई कर भारतीय सेना का हिस्सा बनीं सुष्मिता और कविता, लेफ्टिनेंट बन मिलिट्री हॉस्पिटल में दे रहीं अपनी सेवाएं

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** कचांदुर दुर्ग स्थित चंदूलाल चंद्राकर शासकीय नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं पढ़ाई पूरी कर अपना सुनहरा भविष्य गढ़ रही हैं। यहां की दो नर्सिंग छात्राओं सुष्मिता मनहर और कविता टंडन का चयन प्रतिष्ठित मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) के लिए हुआ है। हाल ही में कॉलेज के दीक्षांत समारोह में सुष्मिता और कविता को सम्मानित किया गया। दोनों छात्राएं नर्सिंग सेवा के लिए भारतीय सेना का हिस्सा बन कर खुद को बेहद गौरवान्वित महसूस कर रही हैं।



सुष्मिता मनहर



कविता टंडन

### प्रतियोगी परीक्षा पर किया फोकस

सुष्मिता मनहर मूल रूप से कोरबा जिले के प्रेम नगर की रहने वाली है। उनके पिता बुधराम मनहर एसईसीएल में इलेक्ट्रीशियन के रूप में कार्यरत हैं। सुष्मिता ने अगस्त 2023 में शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग से अपनी बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की थी। करियर निर्माण की तैयारी को लेकर सुष्मिता ने बताया कि कॉलेज की पढ़ाई पूरी होते ही उन्होंने पूरा फोकस प्रतियोगी परीक्षा पर किया। जिसमें कॉलेज की प्रिंसिपल रीमा राजेश व सभी प्राध्यापकों ने समय-समय पर मार्गदर्शन दिया। रोजाना 9-10 घंटे की पढ़ाई के दौरान प्रतियोगी परीक्षा से जुड़े पाठ्यक्रम पर रहा। अंततः सपना साकार हुआ और उनका चयन मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) में लेफ्टिनेंट के रूप में हो गया। वर्तमान में सुष्मिता मिलिट्री हॉस्पिटल अमृतसर पंजाब में तैनात हैं। सुष्मिता कहती हैं वह भारतीय सेना का हिस्सा बनकर बेहद खुश हैं खुद को गौरवान्वित महसूस करती हैं।

### नर्सिंग से जुड़ी सेवाओं पर की हर संभव तैयारी

बांधा पार, जिला महासमुंद की रहने वाली कविता टंडन के पिता भूषण टंडन प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। कविता बताती हैं कि उन्होंने अगस्त 2023 में शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने अपना ध्यान नर्सिंग से जुड़ी सेवाओं पर लगाया। प्रतियोगी परीक्षा के लिए उन्होंने हर संभव तैयारी की। जिसमें कॉलेज की लाइब्रेरी भी सहायक बनीं। वहीं कॉलेज की प्रिंसिपल रीमा राजेश व प्राध्यापकों का भी मार्गदर्शन मिला। जिसके चलते उनका मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन हुआ। कविता वर्तमान में कमांड अस्पताल पुणे में तैनात हैं। कविता कहती हैं- भारतीय सेना का हिस्सा बनकर वह बेहद खुश है और खुद गौरवान्वित महसूस करते हुए परिवार का नाम भी रौशन कर रही है।

सिटी इवेंट

## समरसता और समाज कल्याण से जुड़ी महिलाएं हुई सम्मानित



**भिलाई।** आम आदमी पार्टी कार्यालय दुर्ग में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामाजिक एकता, समरसता, सामाजिक उत्थान, समाज कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं का सम्मान किया गया। आम आदमी पार्टी के राज्य संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा तथा दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल ने स्टेशन मरोदा की महिलाओं के अथक प्रयासों से सीसी रोड का निर्माण हुआ था। कार्यक्रम के दौरान संजीत विश्वकर्मा तथा प्रदेश संयुक्त सचिव देविंदर सिंह भाटिया ने दुर्ग लोक सभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल का तथा कार्यक्रम में शामिल नारी शक्तियों का पुष्पगुच्छ, श्रीफल, साल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में लक्ष्मी निर्मलकर, संगीता साहू ,भगवती साहू ,सावित्री साहू, देवकी साहू, रविता शाह, डाकेश्वरी साहू ,ममता साहू, भूमिका बक्शी चंद्रकला निर्मलकर, सुनीता देवांगन तथा अन्य महिलाएं शामिल रही।

सिटी लाइव

## फ्लाई हाई एंड टच द स्काई थीम पर किया महिला दिवस सेलिब्रेट



**भिलाई।** अग्रवाल महिला मंडल द्वारा ग्राम ननकट्टी के गोयल फार्म हाउस फ्लाई हाई एंड टच द स्काई थीम पर महिला दिवस सेलिब्रेट किया। सदस्याओं ने बताया कि आज की महिला किसी से कम नहीं है और वह अपने सपनों को पूरा करने के लिए आसमान को छूने का रास्ता भी स्वयं बना लेती है इसी सोच का के साथ आज अग्रवाल समाज की महिलाओं ने बड़ी संख्या में एकत्र हो मौज मस्ती और फन के साथ एक दिन अपने नाम किया।
अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सरिता गोयल ने बताया कि अग्रवाल समाज के साथ-साथ अग्रवाल महिला मंडल भी सभी सामाजिक कार्यों में अब बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने लगा है हम सामाजिक कार्य के अलावा जन भागीदारी के कार्यों में भी शामिल हो रहे हैं। महासचिव सरोज अग्रवाल के अनुसार समाज के महिलाओं में एक जुटता बढ़ी है और अब हम बुजुर्गों के साथ-साथ युवा महिला भी एक साथ मिलकर पिकनिक फन और मौज मस्ती के साथ-साथ धार्मिक कार्यक्रमों में भी एक साथ शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की वरिष्ठ उपाध्यक्ष रुही अग्रवाल, संरक्षण निर्मला अग्रवाल, मंजू प्रेम अग्रवाल, आरती अग्रवाल, संगीता राजगढ़िया के साथ-साथ समाज की संजना पोद्दार, प्रीति राजगढ़िया, पायल बंसल, नीलू रुंगटा, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, बृजमोहन गोयल, पंकज कीर्तूका, मुरारी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



हेल्थ लाइव

## सर्दी, बुखार और ब्लड प्रेशर का निशुल्क जांच कर दिया परामर्श



**भिलाई।** ग्राम धनोरा में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन अथर्व महाविद्यालय द्वारा सुबह 10 बजे से 4 बजे तक किया गया। शिविर में मुख्य चिकित्सक डॉ पी एल भगत का स्वागत अथर्व महाविद्यालय की संचालिका डॉ भारती साहू ने किया। इस शिविर में सैकड़ो लोगो ने स्वास्थ्य की जांच कराकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में सर्दी, बुखार, सिरदर्द, ब्लड प्रेशर जैसी सामान्य बीमारियों की निःशुल्क जांच और परामर्श दिया गया। जिसमें काफी संख्या में गांव की महिलाएं, पुरूष, वृद्ध एवं बच्चों की उपस्थिति रही। डॉ. भगत के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उचित दवाईयां भी प्रदान की गयी। शिविर में डॉ. भगत के द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन शैली, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में आये लोगों को बीमारियों की रोकथाम और प्रारंभिक उपचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गयी।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गांव में स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूकता अभियान चलाकर जागरुक किया गया। महाविद्यालय द्वारा निरंतर को ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने विविध कार्यक्रम किये जाते है। वर्ष में दो से तीन बार स्वास्थ्य शिविर सहित पार्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाता है।

● नारी शक्ति का प्रदर्शन करने महिलाओं ने फिटनेस के प्रतिसजग रहने का दिया संदेश

# पिंक मैराथन में नारी शक्ति ने किया हुनर का प्रदर्शन, स्वस्थ रहने किया एरोबिक्स और जुंबा, खेली फूलों की होली

**भिलाई।** महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार की सुबह नारी शक्ति का प्रदर्शन करने महिलाओं ने दौड़ लगाते हुए अपनी फिटनेस के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर फूलों की होली खेलते हुए सभी ने जमकर डांस भी किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, पार्षद स्मिता दोड़के, रायपुर से अंजना खरे एवं पुलिस की रक्षा टीम की एएसआई संगीता मिश्रा उपस्थित रही। हुनर नारी शक्ति का ग्रुप द्वारा पिंक मैराथन का आयोजन शांति नगर दशहरा मैदान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जुंबा के कार्यक्रम से की गई। डीजे के साथ 1000 महिलाओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन द्वारा हरी झंडी दिखाकर थिंक मैराथन को चालू किया गया। पिंक मैराथन दशहरा मैदान से चालू होकर भगत सिंह चौक, सद्भावना चौक से सेंट जेवियर स्कूल होते हुए वापस दशहरा मैदान शांति नगर में समाप्त हुई। मैराथन के पश्चात फूलों की होली के आयोजन में समस्त महिलाओं ने नृत्य कर समा बांध दिया। मंच का संचालन शिवाली भोंसले, नम्रता सेन और पिया भौमिक ने किया।




### विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने लगाई दौड़

आयोजक ललित मोहन ने बताया कि पिंक मैराथन में भिलाई के विभिन्न स्थानों से बहुत सी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें प्रमुख रूप से भिलाई चेंबर ऑफ कॉमर्स, लघु उद्योग भारती, आईडीए के डॉक्टर्स, रुंगटा डेंटल कॉलेज की टीम, नवीन उज्जवल महाराष्ट्र मंडल, पेबबल्स किंगडम की शिक्षिकाएं, महिला पुलिस रक्षा टीम, क्रिकेट टीम और योगा क्लासेस की महिलाओं ने हिस्सा लिया था। जुंबा का संचालन साई एरोबिक्स क्लासेस के डायरेक्टर संतोष काले और नृत्य कला मंदिर रिसाली डायरेक्टर रानी नंदिनी की टीम द्वारा किया गया। आयोजन समिति में डॉ सविता, जिया फरिश्ता, मनप्रीत कौर, रश्मि देशमुख उपस्थित थे।





### यह रहे विजेता

मैराथन में प्रथम स्थान पर अंकिता महेश्वरी रही। तो वहीं द्वितीय अर्पणा वर्मा और तृतीय कुलेश्वरी प्रीतम, चौथे नंबर पर सुरेखा शर्मा विजेता बनी। इसकी जानकारी आयोजन समिति के ललित मोहन ने दी मैराथन में दुर्ग।



सम्मान...

## भिलाई मंड़ई में रंगझांझर छग स्टारडम सिने अवार्ड से वरिष्ठ रंगकर्मियों को किया सम्मानित

**भिलाई।** चार दिवसीय भिलाई मंड़ई के आयोजन में रंगझांझर छत्तीसगढ़ स्टारडम सिने अवार्ड तथा वरिष्ठ सक्रिय रंगकर्मियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्री द्वारा सिविक सेंटर में आयोजित मंड़ई के आयोजन में अध्यक्ष योगेश अग्रवाल द्वारा 16वें रंगझांझर छत्तीसगढ़ स्टारडम सिने अवार्ड तथा रंगकर्म में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले रंगकर्मियों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड तथा नाट्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम बार छत्तीसगढ़ी फिल्मों के अवॉर्ड के अलावा छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ रंगकर्मियों का सम्मान किया गया।

> चार दिवसीय भिलाई मंड़ई के आयोजन में रंगझांझर छत्तीसगढ़ स्टारडम सिने अवार्ड तथा वरिष्ठ सक्रिय रंगकर्मियों को सम्मान

भिलाई में रंगकर्म की शुरुआत करने वाली पीढ़ी के वयोवृद्ध रंगकर्मी, निर्देशक देबू राय चौधरी को लाईफ टाईम एचिवमेंट अवार्ड व छग नाट्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। तीन वरिष्ठ महिला रंगकर्मी अनिता उपाध्याय, सुचिता मुखर्जी, सुमिता बासु पाटिल को छत्तीसगढ़ नाट्य रत्न सम्मान सहित वरिष्ठ रंगकर्मी निर्देशक मणिमय मुखर्जी, रुद्र मूर्ति भिलाई, योगेन्द्र चौबे खैरागढ़, अजय उमरे खैरागढ़, पी पी विश्वास भिलाई, सुप्रियो सेन भिलाई, राकेश बंबार्डे दुर्ग को भी दीर्घकालीन, समर्पित, सक्रिय रंगसेवा के लिये छत्तीसगढ़ नाट्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान रंगकर्मियों के अलावा कला के क्षेत्र में विशेष और सक्रिय योगदान देने वाले महिला कलाकारों को महिला दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान फ़िल्म निर्देशक व अभिनेता पवन गुप्ता, योगेश अग्रवाल और भिलाई मंड़ई संयोजक होमन देशमुख द्वारा 100 कलाकारों को छत्तीसगढ़ स्टारडम सिने अवार्ड से सभी कलाकारों का सम्मान किया गया। रंगकर्मियों के सम्मान कार्यक्रम का संचालन युवा रंगकर्मी चारू श्रीवास्तव और पूरे कार्यक्रम का संचालन आर जे नमित ने किया। इस अवसर पर कला-साहित्य अकादमी अध्यक्ष शक्ति चक्रवर्ती, कला-साहित्य अकादमी महासचिव छग विभाष उपाध्याय, गोकुल वर्मा सह सचिव सहित नव निर्वाचित जनपद सदस्य उपस्थित रहे।





## जरुरतमंद दिव्यांग कन्या के विवाह में सहयोग कर दिया आशीर्वाद



**भिलाई।** सामाजिक संस्था द्वारा सेवाकार्य करते हुए एक जरुरतमंद कन्या के विवाह में सहयोग कर नव जीवन में प्रवेश करने के लिए आर्शिवाद दिया गया। सामाजिक संस्था की वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट रश्मि अग्रवाल और डिस्ट्रिक्ट चीफ़ एडवाइजर एंड मल्टीपल सेक्रेटरी शबाना नाज और मंजू बरमेचा द्वारा एक दिव्यांग निर्धन कन्या की शादी में सहयोग किया गया। जिसमें कन्या को उपहार सामग्री प्रदान की गई। अलमारी, कूलर, ड्रेसिंग टेबल, साड़ी, बर्तन और भी बहुत सारे घरेलू जरूरत के समान देकर विवाह में सहयोग किया। मंजू बरमेचा ने बताया कि जरुरतमंद कन्या के विवाह में यह सहयोग न केवल एक जिम्मेदारी थी, बल्कि एक मानवीय कर्तव्य भी है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बेटी का विवाह करना एक बड़ी चुनौती होती है। ऐसे में सहायता का हाथ बढ़ाना हमारे लिए सौभाग्य की बात रही। इस सेवा के माध्यम से उस कन्या के जीवन में खुशियाँ जोड़ने का अवसर मिला। समाज में समानता और सद्भावना बनाए रखने के लिए ऐसे कार्य करना अत्यंत आवश्यक है। सामाजिक सेवा ही सच्ची मानवता है। इस अवसर पर गीता प्रसाद, ममता गोयल, उमा राय, अंजू गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

> शादी में जरूरत के सामानों का दिया उपहार

राधाकृष्ण की होली में झूम उठे ब्राह्मण समाज के सदस्य

## फागुन उत्सव में राधाकृष्ण संग जमकर खेली फूलों की होली, सुमधुर भजनों में की रासलीला

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** राजस्थानी गौड़ ब्राह्मण समाज दुर्ग द्वारा रविवार को होली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सैकड़ों महिला, पुरुष, युवाओं के बीच राधाकृष्ण की रासलीला भजन फूलों की होली का आयोजन हुआ।कार्यक्रम के दौरान समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, सरंक्षक रामफल शर्मा, लखन लाल शर्मा सहित सभी सदस्यों द्वारा परशुराम और राधाकृष्ण की पूजा-अर्चना की गई।



### राधा कृष्ण संग खेली होली

कार्यक्रम में होली मिलन के अंतर्गत फूलों की होली, भजन, सम्मान समारोह, एवं होली की रासलीला जैसे विभिन्न आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजन सम्राट हरगोपाल शर्मा, प्रकाश शर्मा, गिरधर शर्मा, श्याम मित्र मंडल भाटापारा द्वारा सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गयी। जिसमें राम भक्त हनुमान, शंकर और राम जी के सुंदर मधुर भजन गाए। समाज के योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि कार्यक्रम में जबलपुर की प्रसिद्ध पुनीत रासलीला लीला मंडली एवं डांस ग्रुप द्वारा राधाकृष्ण की होली और रासलीला का नृत्य प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन योगेन्द्र शर्मा बंटी ने किया। कार्यक्रम में समाज के नंदकिशोर शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, उमाशंकर शर्मा, रमेश शर्मा, सुरेश शर्मा, अजय शर्मा, प्रमोद जोशी, बसंत शर्मा, आशीष फुलबाज, आनंद महाराज, विजय शर्मा, राकेश शर्मा, राहुल शर्मा, विकास पुरोहित, मोनू शर्मा सहित समाज की सैकड़ों महिलाएं, युवा व पुरुष उपस्थित होकर फागुन उत्सव का आनंद लिया।



## हेल्थ टिप्स

### इन योगासनों से सेहत रहेगी दुरुस्त और बीमारियों से होगा बचाव



महिलाएं अपनी सेहत का ध्यान रखने की शुरुआत सुबह से जरूर करें। एक्सपर्ट के बताए इन योगासनों को अगर आप रूटीन में शामिल करेंगी, तो कई बीमारियां आपसे दूर रहेंगी। सेहमंतद रहने के लिए, सही डाइट के साथ, हेल्दी लाइफस्टाइल भी बहुत जरूरी है। खान-पान का सही होना, सही समय पर सोना-जागना और तनाव से दूर रहना समेत कई ऐसी चीजें हैं, जो आपको सेहतमंद रहने में मदद कर सकती हैं। महिलाएं अक्सर अपनी सेहत और इससे जुड़ी दिक्कतों को नजरअंदाज कर देती हैं। लेकिन, इस विमेंस डे आप अपनी हेल्थ को आगे रखना शुरू कीजिए। इसके लिए जरूरी है कि आप हेल्दी डाइट लें और साथ ही, कुछ खास योगासनों को रूटीन में शामिल करें। योग में महिलाओं की कई मुश्किलों का हल छिपा है। फर्टिलिटी सुधारने, वजन कम करने, डाइजेशन को दुरुस्त रखने और मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाने में योगासन काफी मदद कर सकते हैं। यहां हम आपको 3 ऐसे योगासनों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें रोजाना 10 मिनट करने से महिलाओं को बहुत फायदा होगा। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नताशा कपूर जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड योगा टीचर हैं।

#### सुखासन



यह सबसे आसान है लेकिन इसके फायदे बहुत हैं। मेंटल हेल्थ सुधारने से लेकर बॉडी पॉश्चर को बेहतर बनाने तक इस आसन के कई फायदे हैं। सबसे पहले योगा मैट पर पैरो को आगे की तरफ फैलाकर बैठें। पैरों को क्रॉस करते हुए अंदर की तरफ मोड़ें। घुटनों बाहर की तरफ होने चाहिए। आसान शब्दों मे समझें तो आपको पालथी मारकर बैठना है। आपकी रीढ़ की हड्डी एकदम सीधी होनी चाहिए और घुटने जमीन को छूने चाहिए। आंखों को बंद रखें और शरीर को रिलैक्स रखें। इस दौरान आपको गहरी सांस लेनी है। इसे करने से थकान कम होती है और बॉडी पॉश्चर सुधरता है। यह आसन मानसिक थकान को दूर कर, मन को शांत करता है। इससे शरीर फ्लेक्सिबल होता है और कमर दर्द दूर होता है। इससे डाइजेशन दुरुस्त होता है और दिमाग भी शांत होता है।

#### वज्रासन

यह आसन, डाइजेशन को सुधारने और पेट की चर्बी को कम करने में फायदेमंद है। इसे करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर घुटनों के बल बैठ जाएं। आपके हिप्स, एड़ियों पर टिके हुए होने चाहिए और पैर एक-दूसरे से दूर होने चाहिए। रीढ़ की हड्डी को एकदम सीधा रखें। धीरे-धीरे सांस लेना है और छोड़ना है। हथेलियों को अपनी जांघों पर रखें। इस पोजिशन को कुछ देर होल्ड करें। इस आसन को करने से पाचन से जुड़ी दिक्कतें दूर होती हैं। इससे बीपी भी मैनेज होता है और दिल की बीमारियां दूर रहती हैं। इसे करने से स्ट्रेस और एंग्जायटी दूर होती है और मन शांत होता है। इसे करने से यूरिनरी सिस्टम ठीक रहता है और यूटीआई से बचाव होता है। इससे पैरों और घुटनों के दर्द में भी आराम मिलता है।

#### तितली आसन



यह आसन महिलाओं के लिए बेहद फायदेमंद है। यह पीरियड्स से जुड़ी दिक्कतों को दूर करके फर्टिलिटी को मजबूत करने में मदद करता है। सबसे पहले आपको सुखासन में बैठना है। आपके दोनों तलवे एक-दूसरे से छूने चाहिए और एड़िया अंदर की तरफ होनी चाहिए। अब सांस अंदर लें और हाथों को घुटनों के ऊपर रखें। अब आपको सांस छोड़ते हुए घुटनों को ऊपर ले जाना है और सांस लेते हुए फिर इन्हें नीचे लाना है। इसे 25-30 बार दोहराएं। इससे शरीर में हार्मोनल बैलेंस बना रहेगा और बेली फैट कम होगा। इससे रिप्रोडिक्टिव ऑर्गन्स में खून का दौरान अच्छा रहता है और फर्टिलिटी से जुड़ी दिक्कतें दूर होती हैं। इस आसन को रोजाना करने से थकान और तनाव दूर होता है।

महिलाएं रोजाना 10 मिनट इन योगासनों का अभ्यास करके, सेहतमंद रह सकती हैं। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।

## मातृशक्ति में खून की कमी एक बड़ी चुनौती

# 57 फीसदी महिलाओं में देखी जाती है सेहत से जुड़ी गंभीर समस्याएं, समय रहते उपचार करवाएं और पाएं राहत

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार, भारत में 15-49 वर्ष की आयु की 57 फीसदी महिलाओं में एनीमिया यानि खून की कमी का खतरा रहता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में एनीमिया अधिक आम है। लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकार और महिलाओं के खिलाफ हिंसा और दुर्व्यवहार जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ महिलाओं की सेहत पर ध्यान देना आज बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में कई प्रकार की बीमारियों, पोषक तत्वों की कमी और स्वास्थ्य जटिलताओं का जोखिम अधिक होता है।

महिलाएं अपनी दिनचर्या, हार्मोनल बदलाव और शरीर की संरचना के कारण कुछ बीमारियों को लेकर विशेष संवेदनशील होती हैं। लिंग आधारित इन समस्याओं के बारे में जानना और कम उम्र से ही इसको लेकर बचाव के उपाय करते रहना बहुत आवश्यक हो जाता है। भारत में एनीमिया एक आम समस्या है, खासकर प्रजनन आयु की महिलाओं में। एनीमिया के कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। यही कारण है कि कम उम्र से ही सभी महिलाओं को इसके बारे में जानना और बचाव के लिए उपाय शुरू कर देना जरूरी है।



### 57 फीसदी महिलाओं में एनीमिया का खतरा

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार, भारत में 15-49 वर्ष की आयु की 57 फीसदी महिलाओं में एनीमिया का खतरा रहता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में एनीमिया अधिक आम है। ग्रामीण और अशिक्षित महिलाओं में ये समस्या और अधिक देखी जाती है। मासिक धर्म और गर्भावस्था के दौरान आयरन की कमी, अपर्याप्त पोषण इसका प्रमुख कारण है।



एनीमिया तब होता है जब शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य से कम हो जाता है। हीमोग्लोबिन एक प्रोटीन है जो लाल रक्त कोशिकाओं में पाया जाता है और यह शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद करता है। आयरन की कमी महिलाओं में एनीमिया का सबसे बड़ा कारण है।

### गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है एनीमिया

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, फोलिक एसिड और विटामिन बी12 की कमी के कारण भी एनीमिया होने का जोखिम काफी बढ़ जाता है। इसके अलावा गर्भावस्था के दौरान महिला के शरीर को शिशु के विकास के लिए अधिक पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। यदि इस दौरान आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी12 की पूर्ति न की जाए, तो एनीमिया हो सकता है। एनीमिया की स्थिति प्रजनन क्षमता में कमी, गर्भावस्था में समय से पहले प्रसव, नवजात शिशु का वजन कम होने और मानसिक और शारीरिक विकास में बाधा जैसी दिक्कतें बढ़ा सकती है।

### एनीमिया से बचाव के लिए क्या करें?

एनीमिया से बचाव के लिए कम उम्र से ही आहार में सुधार करना जरूरी हो जाता है। इसके लिए संतुलित आहार का सेवन



करें। आयरन युक्त चीजें हरी पत्तेदार सब्जियां (पालक, मेथी), चुकंदर, अनार जरूर खाएं। प्रोटीन युक्त आहार जैसे दालें, सोया, दूध, अंडे का सेवन करें। फोलिक एसिड और विटामिन बी12 के लिए हरी सब्जियां, दालें, मांस, दूध को आहार में शामिल कर सकती हैं। विटामिन-सी वाली चीजें जैसे नींबू, संतरा, आंवला को आहार में शामिल करें। विटामिन-सी आयरन के अवशोषण में मदद करता है।

### महिलाओं को इन बीमारियों का भी रहता है खतरा

स्तन कैंसर के मामले दुनियाभर में तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। महिलाओं में होने वाला ये सबसे आम कैंसर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, हर साल लगभग 20 लाख महिलाएं स्तन कैंसर का शिकार पाई जा रही हैं।



## बच्चों पर इन कामों का न बनाएं दबाव, होता है दिल-दिमाग पर असर

बच्चे सहज, खुश और स्वस्थ रहें ताकि वे पूरे दिन सकारात्मक महसूस कर सकें। यहां 10 ऐसी चीजों के बारे में बताया जा रहा है जिन्हें माता-पिता को बच्चों पर सुबह जबरदस्ती नहीं थोपना चाहिए।

एक अच्छी सुबह पूरे दिन आपको ऊर्जावान और तनावरहित रखती है। बड़े ही नहीं बच्चे भी एक अच्छी सुबह के हकदार होते हैं। सुबह का समय बच्चों के लिए भी महत्वपूर्ण होता है। यह उनके पूरे दिन के मूड और ऊर्जा को प्रभावित करता है। माता-पिता अक्सर जल्दबाजी में कई ऐसी चीजें करने का दबाव डालते हैं जो बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि बच्चे सहज, खुश और स्वस्थ रहें ताकि वे पूरे दिन सकारात्मक महसूस कर सकें। यहां 10 ऐसी चीजों के बारे में बताया जा रहा है जिन्हें माता-पिता को बच्चों पर सुबह जबरदस्ती नहीं थोपना चाहिए।

### अचानक नींद से जगा देना

बच्चों को झटके से उठाने से उनकी नींद प्रभावित होती है और वे चिड़चिड़े हो सकते हैं। बेहतर होगा कि उन्हें धीरे-धीरे उठने का समय दिया जाए ताकि वे मानसिक और शारीरिक रूप से दिन के लिए तैयार हो सकें।

### जल्दी-जल्दी नाश्ता कराना



सुबह का नाश्ता पूरे दिन के लिए सबसे महत्वपूर्ण भोजन होता है। यदि बच्चों पर जल्दी खाने का दबाव डाला जाए, तो वे ठीक से खाना नहीं खा पाएंगे या भूखे रह सकते हैं। उन्हें आराम से और शांति से नाश्ता करने दें।

### सुबह की दिनचर्या में जल्दबाजी

सुबह की दिनचर्या में नहाना, ब्रश करना और तैयार होना शामिल होता है। लेकिन यदि बच्चों को जल्दबाजी में इन सभी कार्यों को करने के लिए मजबूर किया जाए, तो वे चिड़चिड़े और तनावग्रस्त हो सकते हैं। उन्हें पर्याप्त समय दें ताकि वे खुद को सही तरीके से तैयार कर सकें।

### स्ट्रिक रूटीन का पालन कराना

हालांकि बच्चों के लिए एक रूटीन जरूरी है, लेकिन बहुत ज्यादा सख्ती करने से वे दबाव महसूस कर सकते हैं। बच्चों को लचीलेपन के साथ दिनचर्या अपनाने दें ताकि वे सहज महसूस करें।

### गंभीर बातचीत करना

सुबह का समय बच्चों के लिए खुशहाल और सकारात्मक होना चाहिए। यदि माता-पिता सुबह ही किसी गंभीर या डांटने वाली बातों में उलझा दें, तो यह उनके पूरे दिन के मूड को खराब कर सकता है।

### पानी को नजरअंदाज करना

सुबह उठते ही शरीर को हाइड्रेट करना बहुत जरूरी होता है। कई माता-पिता बच्चों को सीधे नाश्ता करने के लिए कहते हैं, लेकिन पहले एक गिलास पानी पीने की आदत डालना सेहत के लिए फायदेमंद होता है।



# ठंडा पानी देने के साथ पैसों में बरकत भी करता है मिट्टी का घड़ा

ज्योतिष और वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में सही दिशा में रखा मिट्टी का घड़ा आर्थिक समृद्धि लाता है और नकारात्मक ऊर्जा दूर करता है। कई प्राचीन मान्यताओं और धार्मिक ग्रंथों में मिट्टी के घड़े के महत्व को विस्तार से बताया गया है। आइए पंडित मनीष शर्मा से जानते हैं कि यह घड़ा आपके जीवन में आर्थिक रूप से कैसे उन्नति ला सकता है।

कभी भी मिट्टी का घड़ा दक्षिण दिशा में न रखें। ऐसा करनें से आपको धन हानि हो सकती हैं। रखने से धन हानि होने की संभावना बढ़ सकती है। दक्षिण दिशा का संबंध मंगल ग्रह से होता है। यह दिशा दिशा अग्नि प्रधान होती है। इस दिशा में लक्ष्मी नहीं बल्कि अलक्ष्मी का वास होात है।

अगर आपकी कुंडली में मंगल, राहु या शनि दोष है, तो मिट्टी के घड़े में रखा पानी पीने से इन दोषों के बुरे प्रभाव कम हो सकते हैं। ज्योतिष में यह बताया गया है कि मिट्टी का संबंध मंगल ग्रह से होता है, और यदि मंगल ग्रह अशुभ स्थिति में हो, तो यह जीवन में धन हानि और आर्थिक संकट ला सकता है। ऐसे में, मिट्टी के घड़े का नियमित रूप से उपयोग करना शुभ फलदायक साबित हो सकता है। इस बात का ध्यान रखें कि मिट्टी के घड़े में पानी ही रखें। इसमें कुछ रखना भी आपके मंगील को प्रभावित कर सकता है।

हर रोज घड़े का पानी बदलें। आप घड़े को जितना साफ रखेंगी उतनी ही बरकत होगी। यदि आपका घड़ा गंदा रखती हैं या फिर उसका पानी नहीं बदलती हैं तो धन नहीं रुकता होता है और नए अवसरों के द्वार भी नहीं खुलते हैं। शनिवार को घड़े के पानी में में गंगाजल



मिलाकर रखना चाहिए। इससे भी देवी लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। यदि घर में आर्थिक तंगी चल रही है या फिर कोई डिप्रेशन में है तो आपको उसे घड़े का पानी पीने की सलाह देना चाहिए।

लाल और भूरे रंग का घड़ा मंगल दोष को शांत करता है। आप घर पर ही घड़े में गेरू पोत सकती हैं। इसके अलावा घड़े में सफेद चूना लगाने से शुक्र ग्रह मजबूत होता है। जिससे ऐश्वर्य और सुख-समृद्धि बढ़ता है। शनि कमजोर है तो घड़े में काला कपड़ा बांध कर रखें। वहीं नीला रंग लगाने से भी आपको शनि को मजबूत बनने में मदद मिलेगी। पीले रंग का घड़ा आपके ब्रहस्पति को मजबूत बनाता है।

## बार-बार दाल-चावल में लग जा रहे हैं कीड़े, करें ये आसान किचन उपाय



अच्छे से रखरखाव करने के बाद भी मसालों में कीड़े लग ही जाते हैं। ऐसे में हर हफ्ते महिलाओं को लगातार अपने किचन का सामान चेक करना पड़ता है कि कहीं वो खराब तो नहीं हो गए हैं। आज की इस खबर में हम आपको उन तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे अपनाने से आपके किचन में दाल-चावल और मसालों में कीड़े नहीं लगेंगे।

**एयर टाइट कंटेनर का करें यूज:** अगर आपने अपने मसालों और दाल चावल जैसी चीजों को प्लास्टिक के कंटेनर में स्टोर किया है तो इसे तुरंत बदलिए। प्लास्टिक के कंटेनर की जगह आप एयर टाइट डिब्बे ले आएं और दाल-चावल जैसी चीजों को ऐसे डिब्बों में स्टोर करिए। इससे कीड़े लगने के चांसेज काफी कम होते हैं।

**लहसुन की कली का करें इस्तेमाल:** अगर तमाम उपायों के बाद भी आपकी दाल में कीड़े लग रहे हैं तो आप लहसुन की 4-5 कलियां अपने कंटेनर में रख दीजिए। अगर यह सूख जाते हैं तो उन्हें निकालकर ताजी लहसुन की कलियां रखें। इससे आपकी दाल कीड़ों से मुक्त रहती है। यह घरेलू नुस्खा बहुत कारगर है।

**दाल में डालें लौंग:** लौंग न सिर्फ किसी भी खाने का स्वाद बढ़ाने में मदद करती है बल्कि दाल में कीड़े लगने से भी बचाती है। दाल में 8-19 लौंग रख कर एयर टाइट जार को अच्छे से बंद कर लें। इस तरीके का इस्तेमाल कर के आप अपनी दाल को कीड़ों के हमले से बचा सकते हैं

## कार्नर न्यूज

## राहत के लिए आसान उपाय आपके पास है मौजूद

# मौसम बदलने से शुरू हो गई एलर्जी और छींक-छींककर दुखने लगा है सिर, तो जरूर आजमाएं कुछ घरेलू उपाय

मौसम बदलता है और मेरी एलर्जी ट्रिगर हो जाती है। धूल-मिट्टी हो या फूलों की खुशबू आने लगे, बस मेरा छींकना शुरू हो जाता है। मगर कुछ ऐसी चीजें हैं जो मेरी छींक रोकने में काफी मददगार साबित होते हैं। ये उपाय आप भी आजमाकर देखें।

मौसम बदलते ही कई लोगों को एलर्जी की समस्या होने लगती है। नाक बहना, लगातार छींकें आना, सिर में भारीपन, आंखों में जलन और गले में खराश जैसी परेशानियां आम हो जाती हैं। खासतौर पर जिन लोगों को धूल, पराग (पोलन) या ठंडी हवाओं से एलर्जी होती है, उनके लिए यह समय और भी मुश्किल भरा हो सकता है। ऐसे में बार-बार दवाइयां लेना भी सही नहीं होता, क्योंकि यह शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित कर सकता है। मुझे भी ऐसी छींकें अक्सर शुरू हो जाती हैं, लेकिन बीते कुछ सालों में मैंने कुछ उपाय आजमाने शुरू किए। कुछ चीजों से मुझे आराम मिला भी...आप भी इन्हें ट्राई करके देखें। क्या पता ये उपाय आपके लिए भी मददगार साबित हों।



### मौसमी एलर्जी होने के कारण क्या हैं-


पोलन के कारण हो सकती है एलर्जी। पेड़-पौधों और घास के पराग कण हवा में फैलते हैं, जो एलर्जी को ट्रिगर कर सकते हैं। खासतौर पर वसंत और शरद ऋतु में यह समस्या अधिक होती है। घर की धूल, गद्दों, पर्दों और कालीनों में पाए जाने वाले सूक्ष्म जीव एलर्जी पैदा कर सकते हैं। सर्दियों में जब घर कम हवादार होता है, तब यह समस्या बढ़ जाती है। बारिश या नमी के कारण घर में फफूंद विकसित हो सकती है, जो सांस की एलर्जी को बढ़ा सकती है। गीली लकड़ी, बाथरूम, और पुराने कपड़ों में यह ज्यादा देखने को मिलती है। वायु प्रदूषण, धुएं, कार्बन उत्सर्जन, और सिगरेट के धुएं से मौसमी एलर्जी हो सकती है। परफ्यूम, अगरबत्ती, एयर फ्रेशनर, और सफाई केमिकल्स से भी कुछ लोगों को एलर्जी हो सकती है।

### एलर्जी से राहत पाने के लिए आजमाएं ये नुस्खे-

**तुलसी और मिक्स हर्ब्स की चाय से एलर्जी को कहें अलविदा:** तुलसी एक प्राकृतिक एंटी-एलर्जिक हर्ब है जो मौसमी एलर्जी से लड़ने में कारगर होती है। तुलसी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण नाक की सूजन को कम करते हैं और सर्दी-खांसी से राहत दिलाते हैं।

**कैसे तैयार करें तुलसी और मिक्स चाय ?:** एक कप पानी में 4-5 तुलसी की पत्तियां डालें। इसमें थोड़ा अदरक, दालचीनी और शहद मिलाएं। इसे 5-7 मिनट तक उबालें और छानकर पी लें। दिन में 2 बार इस चाय का सेवन करने से एलर्जी के लक्षणों में तेजी से सुधार होता है।

**ठंडा कंप्रेशन से सिरदर्द और सूजन में राहत:** मौसमी एलर्जी के कारण सिर में भारीपन और दर्द की समस्या आम हो जाती है। ऐसे में ठंडे कंप्रेशन (कोल्ड कंप्रेस) का इस्तेमाल बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## परदे पर 'जेम्स बॉन्ड' को जीने वाले क्रेग का फिल्मी सफर रहा है एडवेंचर से भरा



जेम्स बॉन्ड के नाम से मशहूर अभिनेता डेनियल क्रेग पिछले तीन दशक से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं और उन्होंने सबसे लंबे समय तक जेम्स बॉन्ड का किरदार निभाया है। डेनियल 15 साल से बॉन्ड के किरदार के माध्यम से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। जेम्स बॉन्ड की एडवेंचरस लाइफ से तो आप सभी वाकिफ होंगे, उनकी पर्सनल लाइफ भी बेहद रोमांचक रही है। डेनियल क्रेग के पिता एक स्टील वर्कर थे। बाद वह एक पब के मालिक बन गए। अभिनेता की मां एक आर्ट टीचर थीं। अपनी मां से प्रेरित होने के बाद ही उनके अंदर अभिनय का बीज फूटा और कला के क्षेत्र में रुचि बढ़ी। अपने पैशन को फॉलो करने के लिए अभिनेता ने नेशनल यूथ थिएटर में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने साल 1991 में गिल्डहॉल स्कूल ऑफ म्यूजिक एंड ड्रामा से ग्रेजुएशन किया। डेनियल क्रेग फिल्मों में आने से पहले एक रेस्तरां में वेटर का काम किया करते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद खुलासा किया था कि 16 साल की उम्र में उन्होंने जब पढ़ाई छोड़ दी तो खुद का पेट पालने के लिए वह वेटर का काम किया करते थे। उन्होंने यह भी कहा था कि वह अगर एक्टर ना बनते तो एक प्रोफेशनल वेटर बनते। डेनियल क्रेग ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत फिल्म 'द पावर ऑफ वन' से किया। इसके बाद उन्होंने 'लारा क्रॉफ्टः टॉम्ब रेडर', 'रोड टू पर्डिशन' और 'अवर फ्रेंड्स इन द नॉर्थ' जैसी फिल्मों से अपनी मजबूत छवि बनाई। हालांकि, जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी से जुड़ने के बाद उन्होंने दुनियाभर में नाम कमाया। साल 2004 में रिलीज हुई डेनियल क्रेग की फिल्म 'लेयर केक' ने उनके जेम्स बॉन्ड बनने का रास्ता बनाया। दरअसल, निर्माताओं की नजर डेनियल क्रेग पर पड़ी और उन्होंने अभिनेता को 'जेम्स बॉन्ड' फ्रेंचाइजी के लिए साइन कर लिया। इसके बाद अभिनेता ने इस फ्रेंचाइजी की पांच फिल्में की।

### टॉलीवुड

## 'पुष्पा 2' के 'किसिक' गाने की धूम इसी पर रखा गया फिल्म का टाइटल



अल्लू अर्जुन अभिनीत 'पुष्पा 2' फिल्म के 'किसिक' गाने ने दर्शकों में तहलका मचा दिया था। दिलचस्प बात यह कि अब इस गाने से प्रेरित होकर आगामी फिल्म का शीर्षक रखा गया है। जानिए क्या है फिल्म का शीर्षक?

'पुष्पा 2: द रूल' फिल्म में अल्लू अर्जुन और श्रीलीला के गाने 'किसिक' ने सबको अपना दीवाना बना लिया था। गाने के बोल आज भी लोगों के जुबां पर है। इस गाने ने दर्शकों के बीच में इतनी धूम मचाई कि अब इससे प्रेरित होकर एख फिल्म का शीर्षक रखा गया है, जो जल्द रिलीज होने वाली है।

'पुष्पा 2' फिल्म के किसिक गाने का प्रभाव फिल्मों के शीर्षक तक आ पहुंचा है। बॉलीवुड फिल्म 'पिंटू की पप्पी' का तेलुगु वर्जन रिलीज होने वाला है, जो टॉलीवुड के माइश्री मूवी मेकर्स के बैनर तले रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का नाम है 'किस किस किसिक', जो तेलुगु भाषा के साथ तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी संस्करण में 21 मार्च को रिलीज होगी। बॉलीवुड फिल्म 'पिंटू की पप्पी' 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म थी, जिसका निर्देशन शिव हरे ने किया था और फिल्म का निर्माण वी2एस एंटरटेनमेंट और गणेश आचार्य मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के बैनर तले हुआ था। इस फिल्म में सुशांत थमके, जान्या जोशी , विधि यादव , विजय राज, गणेश आचार्य मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म 'पुष्पा 2' एक ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई थी। फिल्म का 'किसिक' गाना काफी चर्चा में रहा था। इस गाने में अल्लू अर्जुन और श्रीलीला ने स्क्रीन पर धूम मचा दी थी। 'किसिक' गाने को देवी श्री प्रसाद ने कंपोज किया था, वहीं ऑस्कर विजेता गीतकार चंद्रबोस ने लिखा था।

### भोजपुरी

## काजल और राज कुमार की 'पिंजरा' का ट्रेलर देख फैंस भावुक, बोले- गर्दा उड़ा दिया



भोजपुरी एक्ट्रेस काजल यादव की नई फिल्म 'पिंजरा' का ट्रेलर हाल ही रिलीज किया गया, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। फैंस इसकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत ही ऐसी होती है कि आंखें नम हो जाती हैं। ट्रेलर की शुरुआत काजल के किरदार से होती है। वह जेल में है और उससे पूछा जाता है कि उसने अपने पति को क्यों मारा। वह कहती है कि उसने नहीं मारा। इसके बाद दिखाया जाता है कि कैसे उसे जेल में टॉर्चर किया जाता है।

फिल्म की कहानी फ्लैशबैक में चलती है। 'पिंजरा' के ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे काजल यादव के पिता उसकी शादी की बात कहते हैं, तो वह इनकार कर देती है। फिर इस बात की चर्चा होती है कि शादी बराबर वालों में करनी चाहिए। इसके बाद अचानक ही भावुक मोड़ आ जाता है, जब काजल रोते हुए कहती है कि इन आंसुओं का बहुत मोल है बाबूजी, यही हमारा आसरा है। प्रीति शुक्ला और अवधेश मिश्रा की 'आरा हिले छपरा हिले' भोजपुरी सिनेमा को देगी नई ऊंचाई, जानिए क्या बोले मेकर्स

काजल की शादी हो जाती है और ससुराल में काफी अत्याचार भी झेलती है। और फिर अचानक एक दिन उसके पति की मौत हो जाती है और काजल जेल में पहुंच जाती है। जेल में उसी बुरी तरह टॉर्चर किया जाता है। कुल मिलाकर, 'पिंजरा' का ट्रेलर एकदम झकझोर देने वाला है। फैंस इसकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।




पश्चिमी सौंदर्यबोध ने खुद को इस फॉल/विंटर 2024-2025 फैशन वीक के सबसे जरूरी ट्रेंड में से एक के रूप में स्थापित किया है। फ्लोरेंस में फैरेल विलियम्स के डिज़ाइन किए असाधारण लुई वुइटन शो को दर्शकों ने खूब सराहा। सोने से लदे मॉडल के साथ, फ्रिंज्ड पैंट, काउबॉय बूट और स्टेटसन-स्टाइल हैट ने इस शो को यादगार बनाने में योगदान दिया।

## गुलाब जल से घर पर ही तैयार करें स्किन केयर प्रोडक्ट

आप चाहें तो घर पर गुलाब जल की मदद से कुछ खास स्किन केयर प्रोडक्ट तैयार कर सकते हैं। जो आपके पैसे बचाने में भी आपकी मदद करेंगे।

### गुलाब जल फेस टोनर

इसे बनाने के लिए आपको कप गुलाब जल, 1 चम्मच एलोवेरा जेल और 2-3 बूंदें विटामिन ई ऑयल की जरूरत पड़ेगी। इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले तो सभी चीजों को मिलाकर एक स्प्रे बोतल में भर लें। बस ये टोनर तैयार है। इसका इस्तेमाल एक दिन में 2-3 बार चेहरे पर कर सकते हैं।

### गुलाब जल फेस पैक

गुलाब जल से फेस पैक बनाने के लिए 2 चम्मच मुल्तानी मिट्टी, 1 चम्मच गुलाब जल और - चम्मच शहद की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए सभी चीजों को मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट बाद धो लें।

### गुलाब जल आई पैड्स

गुलाब जल की मदद से आई पैड्स बनाने कि लिए 2 कॉटन पैड और गुलाब जल की जरूरत पड़ेगी। अब गुलाब जल में कॉटन पैड भिगोकर आंखों पर 10-15 मिनट के लिए रखें। इससे डार्क सर्कल्स



और थकान दूर होगीये काफी ज्यादा फायदेमंद रहता है।

### गुलाब जल और ग्लिसरीन मॉइस्चराइजर

मॉइस्चराइजर बनाने के लिए सबसे पहले 2 चम्मच गुलाब जल, 1 चम्मच ग्लिसरीन और 1 चम्मच नारियल तेल को एक कटोरी में अच्छी तरह से मिक्स कर लें। सभी चीजों को मिलााकर अब इसे रोजाना त्वचा पर लगाएं। इससे स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग बनेगी।

## दुल्हन के सामान में जरूर होनी चाहिए ऐसी साड़ियां



ससुराल जाने के लिए अपना सामान पैक कर रही हैं तो ऐसी साड़ियां बैग में रखें जो देखने में भारी लगे ,पर पहनने में सहज हो। उन साड़ियों में आपका नई दुल्हन वाला ग्लो निखर कर आए, हालांकि आम दिनों में भी उन्हें कैरी करना आसान रहे।



### बनारसी साड़ी

पारंपरिक ट्रेंड को अपनाते हुए बनारसी साड़ी को अपने शादी वाले बैग में जरूर पैक कर लें। अधिकतर लोगों को नई दुल्हन पर बनारसी साड़ी पसंद आती है। बनारसी साड़ी हर मौके पर अच्छी लगती है। अगर शादी के बाद ससुराल में रिसेप्शन पार्टी है और आपको साड़ी पहनना है तो बनारसी साड़ी का चयन कर सकती हैं। खूबसूरत गोल्डन प्रिंट वाली लाल रंग की बनारसी साड़ी हर दुल्हन पर जंचती हैं।

### कांजीवरम सिल्क

नई दुल्हनों के लिए ये काफी सही विकल्प मानी जाती है। अगर शादी के तुरंत बाद आप किसी के घर जा रही हैं तो कांजीवरम सिल्क की साड़ी पहन सकती हैं। इसके साथ मेचिंग ज्वेलरी पहनकर अपना लुक पूरा करें। इस तरह की साड़ी बहुत अधिक हैवी नहीं होती और आपको काफी क्लासी लुक देती हैं।

### बॉर्डर वाली साड़ी

इस तरह की साड़ियां चलन में हैं। ये नई दुल्हन की सुंदरता और सहजता दोनों को बरकरार रखती हैं। इसमें पूरी प्लेन साड़ी पर हैवी सा बॉर्डर काफी प्यारा लुक देता है। इस तरह की साड़ी नई दुल्हन वाला लुक भी बरकरार रखती हैं और उठने-बैठने व चलने में सहज होती हैं।

### बांधनी प्रिंट साड़ी

दुल्हनों को अपने कलेक्शन में बांधनी प्रिंट साड़ी को जरूर शामिल करना चाहिए। इस तरह की साड़ी पूजा के समय पहन सकती हैं। ये देखने में काफी एलिगेंट लुक देती है। पहनने में हल्की और सॉफ्ट होती हैं। साथ ही अगर आपको बहुत अच्छे से साड़ी पहनना नहीं आता, तो इनकी प्लीट्स आदि बनाना भी आसान होता है।

## नेल एक्सटेंशन करवाने से पहले जान लीजिए इसका असर भी

नेल एक्सटेंशन खूबसूरत और स्टाइलिश लुक देने का एक शानदार तरीका है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके कुछ साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं? अगर सही देखभाल न की जाए या घटिया क्वालिटी के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल हो, तो यह आपके प्राकृतिक नाखूनों और स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।



### नेल एक्सटेंशन के संभावित नुकसान

नाखूनों की कमजोरी – बार-बार नेल एक्सटेंशन करवाने से आपके प्राकृतिक नाखून पतले और कमजोर हो सकते हैं।

फंगल और बैक्टीरियल इंफेक्शन – अगर सही तरीके से सफाई न हो, तो नाखूनों के नीचे बैक्टीरिया और फंगस पनप सकते हैं, जिससे इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।

एलर्जी और जलन – कुछ लोगों को ऐक्रेलिक, जेल, या इस्तेमाल किए गए केमिकल्स से एलर्जी हो सकती है, जिससे खुजली, जलन और लालिमा जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**नाखूनों का टूटना या परतदार होना** – गलत तरीके से लगाए या हटाए जाने पर आपके प्राकृतिक नाखून कमजोर होकर टूट सकते हैं या उनकी सतह खराब हो सकती है।

हाई मेंटेनेंस और महंगे – खूबसूरत दिखने वाले नेल एक्सटेंशन को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए बार-बार फीलिंग्स (refill-ing) करवानी पड़ती है, जो न केवल खर्चीला बल्कि समय लेने वाला भी होता है।

इन टिप्स से करें नुकसान से बचाव

हमेशा प्रोफेशनल नेल टेक्नीशियन से ही नेल एक्सटेंशन करवाएं। सिर्फ हाई-क्वालिटी और सुरक्षित ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स का ही इस्तेमाल करें।एक्सटेंशन के बाद नाखूनों की सफाई और मॉइस्चराइजिंग का खास ख्याल रखें। नाखूनों को प्राकृतिक रूप से गैप लेने देने के लिए बीच-बीच में ब्रेक लें।

## इन लोगों को गलती से भी नहीं करना चाहिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल

आपके कभी न कभी किसी न किसी के मुंह से सुना होगा कि एलोवेरा जेल त्वचा को काफी फायदा पहुंचाता है, जोकि सच भी है। पर, ये बहुत से लोगों को नहीं पता है कि एलोवेरा के इस्तेमाल से फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हैं। दरअसल, ये हर किसी को सूट नहीं करता है। इसलिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल भी अपनी त्वचा के हिसाब से ही करना चाहिए। यहां हम आपको उन लोगों के बारे में भी जानकारी देने जा रहे हैं, जिनको एलोवेरा जेल का इस्तेमाल बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। यदि ये लोग एलोवेरा जेल इस्तेमाल करेंगे तो उनकी त्वचा को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### संवेदनशील त्वचा वाले लोग

यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है तो एलोवेरा का इस्तेमाल सोच-समझ के करें। कुछ लोगों की त्वचा एलोवेरा में मौजूद तत्वों से रिएक्ट कर सकती है, जिससे खुजली, जलन, लालिमा या रैश हो सकते हैं। यदि इस्तेमाल कर रहे हैं तो एक बार पैच टेस्ट करें। इसके लिए सबसे पहले थोड़ा सा जेल हाथ पर लगाकर 24 घंटे तक



देखें कि कोई रिएक्शन होता है या नहीं।

### ड्राई स्किन वाले लोग

यदि आपकी त्वचा ड्राई है तो भी इसके इस्तेमाल से बचें। एलोवेरा जेल त्वचा से प्राकृतिक नमी खींच सकता है, जिससे त्वचा और ज्यादा रूखी हो सकती है। अगर लगाना चाहते हैं, तो एलोवेरा के साथ मॉइस्चराइजर या नारियल तेल मिलाकर लगाएं, ताकि आपकी त्वचा पर ड्राईनेस ना बढ़ने पाएं।

कार्नर न्यूज

### आर्टिफिशियल ज्वेलरी का चलन अपनी जगह, लेकिन सावधानी जरूरी

## आर्टिफिशियल गहने खरीदते समय रखें इन बातों का ध्यान, वरना पानी में जाएंगे पैसे

यदि आपको भी मैचिंग के आर्टिफिशियल गहने पहनने का काफी शौक है, तो इन्हें खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें। वरना आपके पैसे बर्बाद हो जाएंगे। सोने-चांदी के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में हर किसी के लिए सोने-चांदी के गहने खरीदना काफी मुश्किल हो गया है। ऐसे में शादी-विवाह के मौके पर महिलाएं मैचिंग की आर्टिफिशियल ज्वेलरी कैरी करना पसंद करती हैं। आर्टिफिशियल ज्वेलरी आजकल फैशन का अहम हिस्सा बन चुकी है। ये न सिर्फ स्टाइलिश और अफोर्डेबल होती है, बल्कि इसे आप हर आउटफिट के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं। आर्टिफिशियल ज्वेलरी आसानी से ऑफलाइन और ऑनलाइन मिल जाती है, लेकिन सही और टिकाऊ आर्टिफिशियल गहने खरीदने के लिए कुछ खास बातों का ध्यान रखना जरूरी है



### चेक करें क्वालिटी

कभी भी पैसे बचाने के चक्कर में खराब क्वालिटी वाले गहने न खरीदें। गहनों का मटेरियल हमेशा मजबूत और अच्छी फिनिशिंग वाला होना चाहिए। खराब फिनिशिंग वाले गहनें आपके लुक को बिगाड़ सकते हैं, वहीं सस्ती और हल्की क्वालिटी के गहने जल्दी काले पड़ सकते हैं या टूट सकते हैं।

### त्वचा के हिसाब से करें चयन

अगर आपको एलर्जी की समस्या है, और आपकी त्वचा काफी संवेदनशील है तो निकेल-फ्री और हाइपोएलर्जेनिक ज्वेलरी खरीदें। स्टेनलेस स्टील, सिल्वर प्लेटेड या



ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी स्किन के लिए बेहतर होती है। ये त्वचा पर किसी तरह का प्रभाव नहीं डालती।

### पॉलिशिंग पर दें ध्यान

गहने खरीदते समय उसकी पॉलिश अवश्य जांचें। दरअसल, अच्छी क्वालिटी के गहनों में गोल्ड, रोज़ गोल्ड, सिल्वर या एंटी-टार्निश कोटिंग होती है, जिससे वे जल्दी फीके नहीं पड़ते। अगर गहनों की पॉलिशिंग सही नहीं होगी, तो वे जल्दी काले हो सकते हैं या रंग छोड़ सकते हैं। इससे आपकी त्वचा पर भी खराब प्रभाव पड़ सकता है।

### ज्यादा भारी गहनों से रहें दूर

आर्टिफिशियल गहने कभी भी ज्यादा हैवी नहीं होने चाहिए। खासतौर पर यदि आप इसे डेली में पहनने का विचार कर रहे हैं, तब तो हल्के गहने ही खरीदें। लंबे समय तक पहनने के लिए लाइटवेट और फ्लेक्सिबल डिज़ाइन बेहतर होते हैं।